जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 202 प्रभात चूरू, मंगलवार 19 नवम्बर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार खत्म, 20 नवम्बर को मतदान

## सभी पार्टियों के बड़े नेता आखिरी दिन महाराष्ट्र में नज़र आए

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वसई में जनसभा की, प्रियंका गांधी ने नागपुर में रोड शो किया और राहुल गांधी ने मुम्बई में प्रैस कॉन्फ्रैंस की।
- एन.सी.पी. के अजित पवार ने 5 जनसभाएं कीं और उनके चाचा शरद पवार ने चार जनसभाओं को सम्बोधित किया।
- मौजूदा चुनाव चाचा और भतीजे के अस्तित्व की लड़ाई भी बन गया है। अजित पवार बारामती से प्रत्याशी हैं, वे यहां से 7 बार चुनाव जीते हैं, पर तब चाचा शरद पवार उनके साथ थे। शरद पवार ने खुद बारामती से मोर्चा संभाल रखा है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। सोमवार को महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के लिये सभी 6 बड़ी पार्टियों के नेताओं ने अंतिम चुनाव रैलियाँ कीं। इन्होंने अपने पार्टी प्रत्याशियों तथा अपने लिये धुआँधार प्रचार की अंतिम कोशिशें कर लीं, ताकि मतदाताओं का झुकाव किसी तरह से उनकी पार्टियों और प्रत्याशियों की तरफ हो जाये।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के मैदान की बड़ी पार्टियाँ सत्तारुढ़ महायुति गठबंधन की भाजपा तथा एन.सी.पी. तथा विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी की शिव सेना (यू.बी.टी.) तथा एन.सी.पी. (एस.पी.) का विधानसभा चुनाव के नतीजों में सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। इन चुनावों के नतीजे ही उस दिशा को तय करेंगे, जिधर देश की राजनीति अगले महीनों और सालों में जा रही होगी।

एक तरफ सत्तारुढ़ गठबंधन है, जिनके पास न तो संसाधनों की कोई कमी है, और न सत्ता में बने रहने के लिये सभी साधनों को झौंक देने में कोई हिचक या संकोच ही है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन है, जिसके हाथ पीछे बँधे हुए हैं, क्योंकि उसके पास संसाधनों का अभाव है तथा वह केवल अपनी प्रतिष्ठा तथा पुरानी उपलब्धियों पर निर्भर हैं। संक्षेप में, यह लड़ाई विशुद्ध रुप से दिए और तूफान की लड़ाई है।

सत्तारुढ़ गठबंधन में, भाजपा सर्वाधिक 143 सीटों पर लड़ रही हैं। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के कम से कम 19 उम्मीदवार एन.सी.पी. तथा सेना के टिकटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. 59 सीटों पर तथा मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाली शिव सेना 81 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

महा विकास अघाड़ी में, कांग्रेस सर्वाधिक 102 सीटों पर, शिव सेना (यू.बी.टी.) 96 सीटों पर तथा शरद पवार की एन.सी.पी. 86 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

बुधवार को होने वाले मतदान के लिये प्रचार के अंतिम दिन, सोमवार को शीर्षस्थ नेताओं ने अपने-अपने गढ़ संभाले। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बसाई में एक जनसभा को सम्बोधित किया, जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नागपुर में रोड शो किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुम्बई में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया, जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा बांटने वाली भाषा को काम में ले रही है ताकि लोगों का ध्यान बेरोजगारी एवं महंगाई से हट जाये।

गांधी ने कहा, ''इस चुनाव का असली मुद्दा रोजगार से सम्बंधित है। महाराष्ट्र में बेरोजगारी बढ़ रही है क्योंकि 7 लाख करोड़ रु. के 8 प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से बाहर जा रहे हैं तथा पांच लाख नौकरियाँ खत्म हो रही हैं। मुम्बई के लोगों की धारावी की जमीन, जिसकी कीमत 1 लाख करोड़ रु. है, एक व्यक्ति को दी जा रही है। कृषि उत्पादों की कीमतें गिर रही हैं। एक मुद्दा महंगाई है। भाजपा इस मुद्दे पर कुछ नहीं कर सकती। ''धर्म युद्ध'' जैसे शब्दों का प्रयोग करके लोगों का ध्यान हटाने की कोशिशें की जायेंगी। उनके पास ऐसा करने के अलावा, अन्य कोई विकल्प बचा ही नहीं हैं।''

शिन्दे ने ठाणे तथा उसके आस-पास चार सभाएं सम्बोधित कीं। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने आज पाँच रैलियाँ सम्बोधित कीं, जिनमें बारामती की रैली भी शामिल है। शरद पवार ने चार जन सभाएं कीं। उनकी एक सभा बारामती में भी हुई। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस आज नागपुर दक्षिण- पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में रैलियों को सम्बोधित करेंगे।

शिन्दे ठाणे की कोपरी पचपखाड़ी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यहाँ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यू.बी.टी.) ने केदार दिघे को मैदान में उतारा है, जो शिव सेना नेता स्व. आनन्द दिघे के भतीजे हैं। आनंद दिघे एकनाथ शिंदे के राजनैतिक गुरु थे। सेना प्रवक्ता मनीष कयान्डे ने कहा ''एकनाथ शिन्दे इसी सीट से तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। यह उनका चौथा विधानसभा चुनाव होगा।''

नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट पर

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# कैलाश गहलोत ने भाजपा जॉइन की

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। जैसी उम्मीद थी। आम आदमी पार्टी के पूर्व

- रविवार को आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली और कहा, उन्होंने अपनी मर्जी से भाजपा जॉइन की है।

नेता और दिल्ली सरकार के यातायात

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# देश को मिला 56 वां टाईगर रिज़र्व

- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। देश का 56वां टाइगर रिज़र्व छत्तीसगढ में

- छत्तीसगढ़ में अधिसूचित यह टाइगर रिज़र्व 2829 वर्ग किलोमीटर में फैला है, तथा देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व है।

अधिसूचित हुआ है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा रिज़र्व है, जो 2800 वर्ग

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# दिल्ली डूबी प्रदूषण में और भाजपा आप में छिड़ा पोस्टर वॉर

## दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर पाँच सौ पॉइन्ट तक पहुंच गया

- पोस्टर वॉर की शुरूआत दिल्ली भाजपा इकाई ने की, और केजरीवाल का मास्क पहने हुए एक पोस्टर शेयर किया जिसमें लिखा था, केजरीवाल का लंदन ''ब्रीदिंग एमरजैंसी'' का सामना कर रहा है।
- जवाब में आप पार्टी ने भी कुछ पोस्टर जारी किए जिनमें प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाया गया था।
- अमेरिका के बर्कली अर्थ की रिसर्च के अनुसार दिल्ली की हवा में श्वास लेना एक दिन में 40 सिगरेट पीने के बराबर है।

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायू प्रदूषण से निपटने के लिए एकजुट होने की बजाय राजनैतिक दल एक दूसरे से लड़ रहे हैं।

दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडैक्स (ए. क्यू. आई.) सोमवार को 493 पर पहुंच गया। वहीं नेहरू नगर, द्वारका, नजफगढ़ और मुंडका में ए. क्यू. आई. 500 तक पहुंच गया। दिल्ली की प्रदुषित हवा के कारण आप और भाजपा में पोस्टर वॉर छिड़ गया है। दिल्ली की भाजपा इकाई ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट पोस्ट किया जिसमें अरविन्द केजरीवाल को मॉस्क पहने हुए दिखाया गया है जिसका कैप्शन है, केजरीवाल को लंदन में ''ब्रीटिंग इमरजैंसी'' का सामना कर रहा है। इस पर आप ने जवाबी हमला किया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉस्क पहने हुए दिखाया गया है और पोस्टर पर कैप्शन है ''मोदी का ज़हरीला शासन उत्तर भारत पर।''

एक अन्य पोस्टर में आप ने प्रधानमंत्री को विदेश यात्रा के लिए जहाज में बैठते हुए दिखाया गया है जिसमें कैप्शन है ''भारत पालुशन मोड़ पर और मोदी फ्लाइट मोड पर।'' प्रधानमंत्री की 5 दिवसीय विदेश यात्रा पर आप ने एक और पोस्टर जारी किया जिसका कैप्शन है, ''असफलताओं से मुंह छिपाकर प्रधानमंत्री मोदी फ्लाइट मोड पर विदेश रवाना।'' इससे पहले दिन में एक वीडियो जारी हुआ जिसमें दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और पार्टी सांसद प्रवीण खंडेलवाल केन्द्रीय सचिवालय में दो स्टेशन से बाहर आ रहे यात्रियों को मॉस्क बांटते दिखे।

अमेरिका के बर्कली अर्थ द्वारा करवाई गई रिसर्च के अनुसार दिल्ली की हवा के प्रदूषण का स्तर एक व्यक्ति द्वारा दिन में 40 सिगरेट पीने के बराबर है। ए. क्यू. आई. लैवल कई क्षेत्रों में अति गंभीर श्रेणी में है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि ग्रेडेड रैस्पॉन्स एक्शन प्लान (जी. आर. ए. पी. - चतुर्थ)। जिसमें दिल्ली एन. सी. आर. में साथ ही बी. एस. तृतीय पैट्रोल एवं बी. एस. चतुर्थ डीज़ल की एंट्री पर रोक लगाने जैसे उपाय शामिल है। सर्वोच्च न्यायालय ने कमीशन ऑन एयर क्वालिटी मैनेजमेंटरी आलोचना की, जो कि हवा की गुणवत्ता सुधारने के कोई उपाय नहीं कर पाया। इसी के साथ दिल्ली के स्कूल ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं सिर्फ कक्षा दस व ग्यारह स्कूल जा रहे हैं सरकारी व निजी कार्यालय 50 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रहे हैं। बाकी स्टॉफ घर से काम कर रहा है। निर्माण या खुदाई की हरेक गतिविधि पर रोक लगा दी गई है।



## विचार बिन्दु

जिसमे दया नहीं उसमे कोई सद्‌गुण नहीं। –हज़रत मोहम्मद

# जनता के साथ यह कैसा सलूक?

इस आलेख में हम पहले दो उदाहरण देना चाहेंगे, जो यह स्पष्ट करते हैं कि जनता के साथ किस प्रकार का व्यवहार सरकार द्वारा किया जाता है।

पहला उदाहरण गुजरात का है। मेहसाणा जिले के बोरिसाना गांव के ग्रामीणों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस जांच शिविर में लगभग 100 व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें से लगभग 19 को अग्रिम जांच के लिए बस द्वारा अहमदाबाद के वजीरानी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इन सभी की एंजियोग्राफी कर दी गई। इनमें से सात की तो एंजियोप्लास्टी भी कर दी गई अर्थात इन सात व्यक्तियों के स्टेंट लगा दिए। इसके लिए किसी प्रकार की सहमति संबंधित परिवार के सदस्यों से नहीं ली गई, जो कि अत्यावश्यक थी। इनमें से दो व्यक्तियों की उसी दिन शाम को मृत्यु हो गई और शेष अभी अस्पताल के आईसीयू में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। यह भी पता चला है कि जिन व्यक्तियों की एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की गई, वे बिल्कुल स्वस्थ थे और उन्हें इसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी केवल इसलिए कर दी गई कि इन व्यक्तियों के पास आयुष्मान कार्ड था। इस कारण इस एंजियोप्लास्टी के नाम पर अस्पताल को सरकार से बड़ी रकम मिली। जिन लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और एंजियोग्राफी की गई उनसे किसी प्रकार की राशि वसूल नहीं की। प्रथमदृष्टया तो ऐसा लगता है कि आयुष्मान योजना का बड़ा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। धरातल की वास्तविकता यह है कि ऐसी अनेक योजनाएं निजी चिकित्सालयों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार का माध्यम बनकर रह गई हैं।

इसका परिणाम सामान्य नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। गुजरात के मेहसाणा जिले के जिन लोगों की मृत्यु हुई, वह केवल निजी चिकित्सालय के स्वार्थ के कारण, अनावश्यक एंजियोप्लास्टी और उसके बाद उचित देखभाल नहीं होने के कारण हुई। भले ही, इन लोगों से पैसा नहीं लिया गया हो किंतु उनके शरीर के साथ खिलवाड़ तो किया ही गया और ये उपयुक्त सावधानी के अभाव में काल कवलित हो गए। यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भी इसी अस्पताल में एक व्यक्ति की स्टेंट डालने के पश्चात मृत्यु हो गई थी। यदि उस समय इसके विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाती तो बोरिसाना गांव के भोले भाले ग्रामीण अपने शरीर के साथ होने वाले अत्याचार से बच सकते थे।

अल्प शिक्षित निर्धन लोगों के इलाज के नाम पर निजी कॉर्पोरेट अस्पतालों द्वारा सरकार से बड़ी रकम उठाई जा रही है। अनावश्यक जांच और इलाज के कारण नागरिक या तो मौत का शिकार हो रहे हैं या अस्पताल जनित नई बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं।

ग्रामीणों से पैसे न लेने की बात करके उन्हें धोखे में रखकर ही उनका जो भी इलाज किया जाता है, वह विभिन्न प्रकार की बीमारियां ग्रामीणों को दे रहा है। उपरोक्त उल्लेखित प्रकरण में तो दो गरीब परिवारों के व्यक्तियों की जान ही चली गई। जो व्यक्ति एक दिन पहले तक पूरी तरह स्वस्थ थे और उनमें से एक, 10 किलोमीटर प्रति दिन साइकिल चलाते थे और दूसरे भजन मंडली में भजन कीर्तन करते थे और जिन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं थी, वे वहीं निजी चिकित्सालय के स्वार्थ और लालच के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठे। इनमें एक पर तो पूरा परिवार आश्रित था। अब उसे किन परिस्थितियों से जूझना पड़ेगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। पैसा भले ही सरकार का हो, लेकिन शरीर तो स्वयं नागरिकों का है और उसके साथ छेड़छाड़ करने से उन्हें अत्यंत कष्ट एवं नुकसान भुगतना पड़ा है। गुजरात का उदाहरण केवल अकेला नहीं है। ऐसे अनेक उदाहरण हर शहर में हैं, जहां नागरिकों को भ्रमित करके उनका अनावश्यक इलाज अपने अस्पतालों में करते हैं और सरकार से बड़ी रकम रसूल कर लेते हैं।

नागरिकों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना एवं उनको स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराना किसी भी जनकल्याणकारी सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है।

सरकार ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के स्थान पर, बीमा कंपनियों के माध्यम से आसान तरीका ढूंढ लिया है। नागरिकों को बीमा कंपनियों और निजी चिकित्सालयों के हवाले कर दिया है। गत कुछ वर्षों का अनुभव तो यही बताता है कि विभिन्न प्रकार की बीमा आधारित योजनाएं, वास्तविक जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सफल नहीं हो पाई हैं। एक और जहां सरकार का करोड़ों रुपया बीमा कंपनियों के माध्यम से व्यय हो रहा है, वहीं निजी चिकित्सालय फल-फूल रहे हैं। आवश्यकता इस बात की थी कि सरकार स्वास्थ्य के बजट में पर्याप्त वृद्धि करके, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय एवं सरकारी मेडिकल कॉलेज में अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराती। यह निरंतर पढ़ने में आता है कि सरकारी चिकित्सालय में किस प्रकार जांच की मशीनें जैसे सोनोग्राफी एक्स रे मशीन, सी टी स्कैन मशीन, आदि बिना स्टाफ के बेकार पड़ी हैं या वे खराब पड़ी हैं। कभी-कभी तो लगता है कि यह सब केवल इसलिए है कि लोगों को निजी जांच एजेंसियों और निजी चिकित्सालय में जाने हेतु बाध्य किया जाए।

**अहमदाबाद के वजीरानी हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी केवल इसलिए कर दी गई कि इन व्यक्तियों के पास आयुष्मान कार्ड था। इस कारण इस एंजियोप्लास्टी के नाम पर अस्पताल को सरकार से बड़ी रकम मिली। जिन लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और एंजियोग्राफी की गई उनसे किसी प्रकार की राशि वसूल नहीं की। प्रथमदृष्टया तो ऐसा लगता है कि आयुष्मान योजना का बड़ा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। धरातल की वास्तविकता यह है कि ऐसी अनेक योजनाएं निजी चिकित्सालयों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार का माध्यम बनकर रह गई हैं।**

स्वास्थ्य सेवाओं को निजी चिकित्सालयों के हवाले करने में, केंद्र सरकार और राज्य सरकार, बराबर की जिम्मेदार हैं।

होना तो यह चाहिए था कि आयुष्मान योजना के माध्यम से इतनी बड़ी धनराशि बीमा कंपनियों और निजी चिकित्सालयों को देने के बजाय, सरकार अपनी चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने में उसे खर्च करती। यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त संख्या में न केवल चालू हालत में उपकरण हों बल्कि उन्हें संचालित करने वाला स्टाफ भी हर स्तर पर उपलब्ध हो।

एक बड़ा नुकसान इस प्रकार की योजनाओं के कारण यह हुआ है कि नागरिक इस भ्रम में है कि उसका सारा इलाज मुफ्त में किया जाएगा, वह किसी भी एंपेनल्ड निजी अस्पताल में चला जाता है। भर्ती होने के बाद, उसे पता चलता है कि उसके लिए आवश्यक इलाज में से कुछ ही ऐसा है जिसका पैसा सरकार द्वारा अस्पताल को देय है। इस कारण मजबूरी में, भर्ती मरीज को बहुत बड़ी धनराशि अब भी निजी अस्पतालों को जेब से देनी पड़ रही है। जिस चिकित्सक को गांव के लोग भगवान के रूप में मानते थे, वे ही अब कई जगहों पर अपने निहित स्वार्थ के कारण उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। किसी निजी चिकित्सालय में जाने पर चिकित्सक पहला प्रश्न ही यह करता है कि क्या वह आयुष्मान योजना अथवा अन्य किसी प्रकार की बीमा योजना में पंजीकृत है?

सरकार ने स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कॉर्पोरेट चिकित्सालय/ निजी चिकित्सालय/बीमा कंपनियों और चिकित्सकों का ऐसा गठजोड़ बना लिया है जिसमें सबसे अधिक नुकसान तो नागरिक को हो रहा है। सरकार को भी अनावश्यक बहुत बड़ी राशि का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य का अधिकार कानून भी सरकार ने बनाया किंतु उसके नियम अभी तक नहीं बनाए। इसी प्रकार, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट भी सरकार ने निजी चिकित्सालय पर अंकुश लगाने के लिए बनाया, किंतु वह भी अभी तक नियमों के अभाव में लागू नहीं हो पाया है। सरकार की शायद मंशा ही नहीं है कि लोगों को उपयुक्त इलाज सरकारी खर्चे पर मिले।

सरकार को यह समझना होगा कि वह लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी से अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती। जो व्यक्ति अमीर हैं या जो व्यक्ति थोड़े तिकड़म बाज हैं, वे तो, जैसे-तैसे इन योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं, लेकिन वास्तविक रूप से जो जरूरतमंद लोग हैं वह इस योजना के लाभ से वंचित ही हैं। इस बारे में जन जागरण का भी काम कोई स्वैच्छिक संस्थाएं बड़े स्तर पर कर रही हों, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर कितना ध्यान दिया जा रहा है इसका एक उदाहरण हाल ही में झांसी के मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशुओं के वार्ड में आग लगने से दस नवजात शिशुओं के जलकर मर जाने की घटना के रूप में सामने आया है। जिस परिवार में शिशु का जन्म होने पर खुशियां मनाई जा रही थीं, वे खुशियां, सरकारी लापरवाही के कारण मातम में बदल गईं। मीडिया पर प्रसारित माता-पिता के बिलख बिलख कर चीत्कार की आवाज़ें सुनकर दिल दहल जाता है। किस प्रकार से अपने बच्चों को खोने पर माएं अवसाद ग्रस्त हो रही हैं, इसका कोई अंदाजा शायद सरकार को नहीं है। यह उल्लेखनीय है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है किंतु उसे बुझाने के लिए जो अग्निशमन यंत्र काम आ सकते थे, वे भी समय पर नहीं चल पाए, क्योंकि वे लगभग चार वर्ष से खराब पड़े हुए थे। आश्चर्य की बात यह है कि अग्निशमन विभाग द्वारा उन्हें इसी वर्ष प्रमाणित भी कर दिया गया था।

नवजात शिशुओं का इस प्रकार से मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में जलकर मर जाना, हमारी सरकारी चिकित्सा व्यवस्था के लिए शर्मनाक ही कहा जा सकता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो महाराष्ट्र और झारखंड की चुनावी सभा में विभिन्न प्रकार के नारे देकर चुनाव जीतने का प्रयास कर रहे हैं, यदि अपने अस्पतालों की व्यवस्था को सुधारने पर थोड़ा भी ध्यान दे देते तो वह स्थिति नहीं होती, जैसी झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुई है।


सरकार ने मुआवजे की घोषणा की है। यह समझ में नहीं आता कि नवजात शिशुओं के मरने पर मुआवजा क्यों दिया जाना चाहिए? कितनी भी राशि दे दी जाए, मरने वाले शिशुओं को लौटाया नहीं जा सकता। यदि किसी परिवार का कोई कमाने वाला व्यक्ति मर जाए तो उसके लिए मुआवजा देने की बात तो समझ में आती है, ताकि परिवार का खर्चा चल सके, किंतु छोटे बच्चों के मर जाने पर परिवार को मुआवजा देकर केवल उन्हें शांत करने का ही प्रयास माना जाएगा। सरकारों के लिए आसान तरीका हो गया है कि किसी के मर जाने पर कुछ राशि उस परिवार को देखकर उनका मुंह बंद कर दिया जाए। अधिक आवश्यकता इस बात की है कि इस प्रकार की खराब स्थिति के लिए दोषी व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सरकार भी अपने गलती स्वीकार करे और सुधारात्मक कदम उठाए। लगता तो यह है कि सरकार को जनता से कोई मतलब नहीं है। उसे जनता याद ही तब आती है जब चुनाव हो।

राजनीतिक दलों का, सत्ता में आने के बाद, जनता के साथ इस प्रकार का सलूक, एक जनकल्याणकारी, लोकतांत्रिक राज्य में स्वीकार नहीं हो सकता। यदि लोग इसी प्रकार की स्थिति को स्वीकार कर लेंगे तो फिर इसमें बदलाव की भी कोई संभावना नहीं रहेगी।

स्वतंत्रता के अमृत काल में हम जनता के साथ सरकार द्वारा एक सम्मानजनक सलूक की अपेक्षा तो रख ही सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# युवा प्रशासकों के लिए सलाह और सुझाव



राजेश्वर सिंह

प्रशासनिक सेवा काल के प्रारंभ में युवा प्रशासकों का पदस्थापन सामान्यतः उपखंड अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, आयुक्त, नगर निगम तथा जिला कलेक्टर के रूप में होता है। अत्यंत कठिन प्रतियोगी परीक्षा में अपनी प्रतिभा एवं क्षमता साबित कर चुके एवं लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के कठोर प्रशिक्षण से गुजर चुके इन युवा अधिकारियों से आम जन की असीमित अपेक्षाएं होती हैं। यदि यह अपेक्षाएं पूरी ना हो तो बहुत जल्दी निराशा और मोह भंग का भाव भी प्रबल हो जाता है और फलतः उक्त अधिकारी की योग्यता एवं कार्यक्षमता पर एक स्थाई प्रश्न चिन्ह अंकित हो जाता है जो अंततः उसके संपूर्ण करियर के लिए घातक सिद्ध होता है।

कहते हैं कि प्रतिभा की कमी अनुभव से पूरी हो जाती है किंतु अनुभव की कमी प्रतिभा से पूरी नहीं होती। अपने प्रशासनिक जीवन के अनुभव के आधार पर युवा प्रशासकों के विचारार्थ कुछ सलाह एवं सुझाव अधोलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

युवा प्रशासकों को सर्वप्रथम राजस्व प्रशासन ,भू अभिलेख संधारण, कार्यपालक मजिस्ट्रेट के दायित्व तथा शहरी एवं ग्रामीण विकास प्रशासन से संबंधित सभी विधिक एवं व्यावहारिक पहलुओं का समुचित ज्ञान अर्जित कर लेना चाहिए। इसके लिए उन्हें संबंधित विधि, नियम एवं राजकीय परिपत्रों के महत्वपूर्ण प्रावधानों का विधिवत अध्ययन करना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की शंका एवं संशय की स्थिति में अपने पीयर ग्रुप तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अनिवार्यतः विचार-विमर्श करना चाहिए। युवजनोचित उत्साह में कई बार प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन होता है, जो विधि के स्थापित सिद्धांतों के अनुकूल नहीं है अतः किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई करने से पूर्व उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया जाना तथा इस हेतु उसे औचित्यपूर्ण समयावधि प्रदान किया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार कार्मिक के निलंबन से पूर्व प्राथमिक जांच की जानी चाहिए तथा निलंबन आदेश सक्षम प्राधिकारी के द्वारा ही जारी किया जाना चाहिए अन्यथा न्यायिक हस्तक्षेप की संभावना रहती है और अंततः मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

प्रत्येक फील्ड ऑफिसर को कार्यभार ग्रहण करते ही अपने क्षेत्र का व्यापक व गहन दौरा करना चाहिए। उसे अपने क्षेत्र के गांवों, शहरों, उनकी अवस्थिति, संपर्क मार्ग, जनसंख्या की सांप्रदायिक एवं सामुदायिक संरचना, अंतर्निहित तनाव के इतिहास, धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक संपदा, ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर, गोचर, ओरण भूमियों, शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि उद्योग तथा सेवा क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति, बिजली, पानी व सड़क से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर तथा समस्याओं का समुचित ज्ञान अर्जित करना चाहिए ताकि समस्या को सुलझाने के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना बनाई जा सके और किसी समस्या को लेकर यदि कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका सक्षम एवं प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि फील्ड ऑफिसर फील्ड में कार्यरत कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, दानदाताओं, पत्रकारों तथा लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। उनसे प्राप्त किसी भी तरह के फीडबैक को गंभीरता से लें तथा उस पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई करें।

फील्ड ऑफिसर को फील्ड कर्मचारियों के साथ महीने में एक बार समीक्षा बैठक अवश्य करनी चाहिए। इसी प्रकार खुद के ऑफिस के कर्मचारियों के साथ भी सप्ताह में एक बार समीक्षा बैठक करनी चाहिए। ज़िला कलेक्टर को ऐसी मासिक व साप्ताहिक बैठकें क्रमशः क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के शाखा प्रभारी अधिकारियों के साथ करनी चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के कारण जन अभाव अभियोग निराकरण की प्रणाली को कंप्यूटरीकृत करना बिल्कुल सहज और सरल हो गया है। प्रयास यह होना चाहिए कि प्रकरण जिस स्तर पर भी लंबित हो, वहां नियमित समय अंतराल पर स्मरण पत्र भेजे जावें व अंतिम निस्तारण की स्थिति में आवेदक को अनिवार्य रूप से सूचित किया जावे।

फील्ड ऑफिसर की प्रथम व उच्चतम प्राथमिकता वह कार्य होना चाहिए जिसके निष्पादन के लिए उसके कार्यालय का सृजन किया गया है। जिला कलेक्टर के रूप में न्यायालय प्रकरणों का निस्तारण, भू राजस्व संग्रहण,भूमि आवंटन, भूमि रूपांतरण, राजकीय गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाना तथा ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता होनी चाहिए।इस बुनियादी कार्यभार का बखूबी निर्वहन करने के उपरांत यदि जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, बागवानी, स्वयं सहायता समूह, जल संरक्षण, पर्यटन विकास इत्यादि के क्षेत्र में नवाचार कर सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाता है तो वह स्वागत योग्य है। किसी भी विशिष्ट एवं उल्लेखनीय उपलब्धि का प्रचार प्रचार अवश्य होना चाहिए किंतु अत्यधिक प्रचारप्रियता की प्रवृत्ति किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

फील्ड ऑफिसर के लिए टीम बिल्डिंग, टीमवर्क, सहयोगी अधिकारियों के साथ सकारात्मक एवं सम्मानपूर्ण संबंध एवं सर्वोपरि जनप्रतिनिधियों के साथ पारस्परिक सम्मान पर आधारित सहयोगात्मक संबंध विकसित करना अत्यंत आवश्यक है ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित रह सके, नियमित प्रशासनिक कार्य समय पर संपादित हो सके एवं विकास का एजेंडा क्रियान्वित हो सके।

जनप्रतिनिधियों का मान सम्मान होना चाहिए, उन्हें सभी राजकीय समारोहों में सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाना चाहिए, उनकी समस्त औचित्यपूर्ण मांगों पर तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें सूचित करना चाहिए किंतु यदि कोई मांग विधि अथवा नियम के प्रतिकूल हो तो उन्हें विनम्रतापूर्वक एवं दृढ़तापूर्वक मना भी करना चाहिए। किसी मुद्दे अथवा मसले पर यदि मतभेद अथवा मनभेद की स्थिति भी हो तो उसे सार्वजनिक चर्चा का विषय बनाने से विरत रहना चाहिए। साथी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवहार करते समय भी यदि नियंत्रक के बजाय प्रेरक व समन्वयक के रूप में कार्य किया जाए तथा कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पूर्व यदि एक सेलेक्ट ग्रुप में विचार-विमर्श कर लिया जावे तो निर्णय के सफलतापूर्वक क्रियान्वित होने की संभावना अधिकतम हो जाती है। कुल मिलाकर प्रशासनिक क्षेत्र में सफलता के लिए बौद्धिक क्षमता के साथ व्यवहारकुशलता का समुचित सम्मिश्रण आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है।

**–राजेश्वर सिंह,**
**( आइएएस सेवानिवृत्त )**

# अल्जाइमर रोग : आवश्यकता जागरुकता की



डॉ. रामावतार शर्मा

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने त्वरित कालिक (एक्यूट) रोगों जैसे न्यूमोनिया, हैजा, मलेरिया, सर्जरी संबंधी रोग आदि के तो सटीक इलाज खोज लिए हैं परंतु दीर्घकालिक रोगों पर कोई बड़ी सफलताएं अभी भी नहीं पाई जा सकी है। अधिकतर दीर्घकालिक रोगों में कुछ कम या अधिक नियंत्रण किया जा सकता है पर रोग को समूल नष्ट करना संभव नहीं हो पाया है। जीवन एक हद तक बढ़ तो पाया है परंतु दवाओं के दुष्प्रभाव, जीवन की गुणवत्ता में कमी और जीवन भर का आर्थिक बोझ आदि कहते हैं कि हम इन रोगों को समझें और यह प्रयास करें कि ये रोग हमारे शरीर में विकसित ही न हों। इन दीर्घकालिक रोगों में से एक रोग है अल्जाइमर रोग जिससे विश्व में लाखों लोग पीड़ित है और शरीर में विकसित होने के बाद इसका कोई भी इलाज नहीं है। इस रोग के बारे में जागृति फैलाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नवंबर महीने को अल्जाइमर जागरूकता महीना घोषित किया है। हालांकि इस रोग पर व्यापक शोध हो रहे हैं पर अभी तक कोई वांछित सफलता नहीं मिली है।

शिक्षा के विश्वव्यापी प्रसार के बाद दुनिया में सन् 2000 और 2012 के बीच मनोभ्रंश (डिमेंशिया) के नए रोगियों की संख्या में अच्छी खासी गिरावट आई है। चूंकि लोग पढ़ते रहते हैं और दुनिया की घटनाएं उनके मस्तिष्क को उत्तेजित करती रहती है तो ऐसे में डिमेंशिया विकसित नहीं हो पाता है हालांकि पृथ्वी पर बुजुर्ग लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मस्तिष्क के इन विकारों के कम होने का एक अन्य कारण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल मेटाबॉलिज्म का बेहतर नियंत्रण भी माना जा रहा है। इतना सब होने के बावजूद भी लाखों लोग इस रोग के कारण बहुत ही कष्टपूर्ण जीवन जीने को मजबूर हैं इसलिए इसकी रोकथाम के प्रयास और अधिक प्रभावपूर्ण तरीके से लागू होने चाहिए। रोग और उसकी रोकथाम के बारे में जन सामान्य में व्यापक जानकारी होनी चाहिए।

वैज्ञानिक अध्ययन इंगित करते हैं कि बीटा एमेलोइड और टाऊ नामक प्रोटीन की बनावट में गड़बड़ होने से उनके टुकड़े मस्तिष्क में कई जगह जमा हो जाते हैं जिसके फलस्वरूप उन भागों का कार्य बाधित हो जाता है और डिमेंशिया तथा अल्जाइमर जैसे असाध्य रोग उत्पन्न होने लगते हैं। चूंकि प्रोटीन आदि के टूटे-फूटे टुकड़ों को शरीर से बाहर करने में विटामिन डी का बड़ा महत्व होता है परंतु आधुनिक जीवनशैली में लोग धूप में न तो जाते हैं और ना ही कार्य करते हैं इसलिए भी मस्तिष्क संबंधी रोग अधिक पाए जाने लगे हैं। लोगों में अपने विटामिन डी तथा बी 12 के स्तर सामान्य रखने की जागरूकता होनी चाहिए। देखा गया है कि अत्यधिक कम शारीरिक वजन भी दुर्बलता के अलावा अल्जाइमर रोग होने की संभावनाओं को बढ़ाता है इसलिए हमारा वजन एक सीमा से ज्यादा कम नहीं होना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति की सूंघने की शक्ति तेजी से कम होने लगे तो उसे तुरंत चौकन्ना हो जाना चाहिए क्योंकि यह अल्जाइमर का प्रथम लक्षण हो सकता है। ऐसा यदि 40 वर्ष के बाद होता है तो इस रोग की संभावनाएं और अधिक बढ़ जाती हैं। आंख के स्कैन द्वारा भी कई नेत्र रोग विशेषज्ञ अल्जाइमर रोग को प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लेते हैं।

दीर्घकालिक बीमारियों के बारे में एक तथ्य सर्वविदित है कि बचाव तथा रोकथाम ही इनका पूर्ण उपचार है। ये रोग यदि एक बार शरीर में विकसित हो गए तो फिर इनसे शत प्रतिशत मुक्ति मिलना एक चमत्कार ही हो सकता है वरना तो जीवनपर्यंत इन्हें ढोना ही पड़ता है। यहां एक विशेष बात देखी गई है कि इन रोगों से बचाव संभव है और बचाव के तरीके सस्ते, आसान और आनंददायक हैं तथा सभी दीर्घकालिक रोगों के लिए एक समान ही होते हैं। संतुलित भोजन, आवश्यकता से करीब 25 प्रतिशत कम कैलोरी का सेवन, तनाव रहित जीवन, अत्यधिक महत्वाकांक्षाओं पर लगाम, साहित्य का अध्ययन, नियमित घूमना, सक्रिय जीवनशैली और स्वस्थ तथा फलता फूलता सामाजिक जीवन आपको अल्जाइमर रोग के अलावा हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, जोड़ों के रोग आदि दीर्घकालिक रोगों से बचाने के अलावा दीर्घायु भी बनाते हैं। एक योजनाबद्ध स्व:अनुशासन आपके जीवन में रंग भर सकता है वरना जीवन का आखिरी पड़ाव पराश्रित हो कर गुजारने की मजबूरी के साथ जीना पड़ सकता है।

निर्णय एवं चुनाव व्यक्तिगत है पर सलाह तो यही है कि चलिए, जब भी जहां भी मौका मिले चलिए तथा सप्ताह में तीन बार मांसपेशियों को मजबूत करने तथा शरीर के संतुलन को बनाए रखने के व्यायाम कीजिए। आनंदित जीवन का यही सर्वोत्तम मार्ग है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# कुचिपुड़ी नृत्यांगना हिमांशी की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एण्ड कल्चरल एमगंस्ट यूथ) एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं जवाहर फाउण्डेशन के सहयोग से विरासत-2024 के तहत सोमवार को विश्व प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यागंना हिमांसी कतरगड़ा की प्रथम प्रस्तुति रा.उ.मा.वि. सुभाषनगर में हुई।

जानकारी देते हुए नेशनल एक्ज्यूकेटिव कैलाश पालिया ने बताया कि हिमांसी कतरगड़ा ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत शिव स्तुति से करते हुये शिव के शांत स्वरूप में चुर्तुविद्या के माध्यम से अभिनय, आंगिकम्, वाचिकम्, आहार्यम्, सात्वीकम् के माध्यम से शिव के स्वरूप की व्याख्या करते हुये छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर हस्त मुद्रा एवं कुचिपुड़ी का बेसिक ज्ञान कराया। उसके साथ ही श्रीराम स्तुति के माध्यम से मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के जीवन वृत के दर्शकों के सामने जीवन्त कर दिया और अन्त में कुचिपुड़ी नृत्य में होने वाले थाली नृत्य ''तरंगम'' में दुर्गा स्तुति से समापन किया। अंत में दोनों विद्यालयों के संस्था प्रधान ने कलाकार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अनु प्रजापत के अनुसार मंगलवार को हिमांसी की प्रथम प्रस्तुति प्रातः 08.30 बजे न्यू विजन स्कूल एवं द्वितीय प्रस्तुति10.30 बजे रा.बा.उ.मा.वि. गांधीनगर भीलवाड़ा में होगी।



विश्व प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यागंना हिमांशी कतरगड़ा ने प्रस्तुति दी।

**■ चुर्तुविद्या अभिनय, आंगिकम्, वाचिकम्, आहार्यम्, सात्वीकम् में शिव का स्वरूप साकार हुआ**

## साक्षात्कार के लिए 581अभ्यर्थी अस्थाई रूप से सफल

**अजमेर,** (कासं)। राज. लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-इंग्लिश विषय की परीक्षा के फलस्वरूप 581अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से सफल घोषित किया है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त विषय के प्रश्न-पत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा 21 मई तथा प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा 7 जनवरी को आयोजित की गई थी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों (मूल एवं फोटो प्रति) सहित साक्षात्कार के समय उपस्थित हों।

## राशिफल मंगलवार 19 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र दिन 2:56 तक, साध्य योग दिन 2:56 तक, बालव करण सायं 5:29 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से दिन 2:56 तक है। कुमार योग दिन 2:59 से आरम्भ होगा। आज इन्दिरा गाँधी जयन्ती है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:33 से 10:52 तक, लाभ-अमृत 10:52 से 1:32 तक, शुभ 2:51 से 4:11 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:54, सूर्यास्त 5:31




**मेष**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।




**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।




**कर्क**

स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।




**सिंह**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**तुला**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




**धनु**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**मकर**

स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**कुंभ**

परिजनों के व्यवहार से मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**मीन**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खेल व युवा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस समीक्षा में खेल एवं युवा मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, शिखर अग्रवाल, आलोक गुप्ता आदि वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा की

## राजस्थान का युवा बेहद प्रतिभाशाली, खेलों में उपलब्ध करवाएंगे विश्वस्तरीय सुविधाएं -मु.मंत्री

जयपुर, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का युवा बेहद प्रतिभाशाली है तथा यहां की खेल प्रतिभाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे खिलाड़ी प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए की गई सभी बजटीय घोषणाओं की

■ **उन्होंने कहा, अधिकारी बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।**

नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार शीघ्र ही युवा नीति लाएगी। खेल के बुनियादी ढांचे के साथ विज्ञान, विश्लेषण, काउन्सलिंग तथा पोषण का समावेश करते हुए खेल नीति-2024 भी तैयार की जा रही है।

शर्मा ने कहा कि ''खेलो इंडिया'' यूथ गेम्स की तर्ज पर ''खेलो राजस्थान'' यूथ गेम्स आयोजित करवाए जाएंगे, इससे स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दृष्टि से प्रथम चरण में 10 हजार की आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतों का चयन किया जा चुका है। यहां ओपन जिम एवं खेल मैदान बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का नाम खेल के क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए मिशन ओलंपिक 2028 की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के 50 सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलम्पिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए जयपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सलैंस फॉर स्पोर्ट्स का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे शीघ्र पूरा किया जाए।

बैठक में शासन सचिव खेल एवं युवा मामले डॉ. नीरज के पवन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की बजटीय घोषणाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा और कांग्रेस ने ई.सी. के नोटिस का जवाब नहीं दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। भाजपा और कांग्रेस में किसी भी पार्टी ने चुनाव आयोग के उन नोटिसों का जवाब नहीं दिया, जिनका जवाब सोमवार को अपरान्ह 1 बजे दे देना चाहिये था। राहुल गांधी, प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की शिकायतों को लेकर जारी किये गये नोटिसों का जवाब देने के लिये दोनों ही पार्टियों ने सात दिन का समय और माँगा है। शनिवार को, आयोग ने मोदी और शाह के खिलाफ

■ **दोनों दलों ने एक दूसरे पर लगाए आरोपों के संदर्भ में जारी ई.सी. के नोटिस का जवाब देने के लिए 7 दिन का समय और मांगा है।**

कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों के सम्बंध में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को, तथा राहुल गांधी के खिलाफ की गई शिकायतों के सम्बंध में कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखे थे। चुनाव आयोग ने दोनों ही दलों को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भेजी गई एडवाइजरी भी याद दिलाई है तथा उनसे यह सुनिश्चित करने के लिये कहा है कि दोनों दलों के स्टार -प्रचारक ऐसे बयान देने तथा ऐसी टिप्पणियाँ देने से बचें, जो आदर्श आचार संहिता का निरादर करते हैं।

# एस.आई. भर्ती- 2021 पर हाईकोर्ट का यथास्थिति का आदेश

## प्रमुख गृह सचिव, डी.जी.पी. एस.ओ.जी. व आर.पी.एस.सी. सचिव से 22 नवम्बर तक जवाब मांगे

जयपुर, 18 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पेपर लीक को लेकर चर्चा में आई एस.आई. भर्ती, 2021 पर राज्य सरकार को यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में प्रमुख गृह सचिव, डी.जी.पी., ए.डी.जी., एस.ओ.जी. और राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव सहित, दो अन्य से 22 नवंबर तक जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 3 फरवरी, 2021 को पुलिस उपनिरीक्षक के पदों पर आवेदन मांगे थे। इसमें चार सौ अंक की लिखित परीक्षा और पचास अंक का साक्षात्कार रखा गया। भर्ती में 7.93 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और 3.83 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा का आयोजन 13 सितंबर से 15 सितंबर 2021 तक हुआ। लेकिन पहली परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक हो गया। इसकी एफ.आई.आर. भी दर्ज हो गई, लेकिन उसके बाद भी राज्य सरकार ने भर्ती की प्रक्रिया जारी रखी और 21 सितंबर 2023 को अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी। इसके बाद एस.ओ.जी. ने 3 मार्च 2024 को परीक्षा के पेपर

■ **हाईकोर्ट के सामने प्रस्तुत याचिका में यह मुद्दा उठाया गया है कि यदि भर्ती में धांधली के बाद चयनित हुए अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग दी गयी तो इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा।**

लीक का मामला दर्ज किया। एस.ओ.जी. के मामला दर्ज करने के बाद, इसमें आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्यों और कई ट्रेनी एस.आई. सहित दर्जनों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। याचिका में कहा गया कि मामले में एस.ओ.जी., पुलिस मुख्यालय व राज्य के महाधिवक्ता भर्ती परीक्षा को रद्द करने की अनुशंसा कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक भर्ती को रद्द नहीं किया गया है। ऐसे में संभावना है कि भर्ती में चयनित हुए अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के बाद फील्ड पोस्टिंग दे दी जाएगी। यदि भर्ती में धांधली के बाद चयनित हुए अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग दी गई तो इससे भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। भर्ती में धांधली के कारण याचिकाकर्ता चयन से वंचित हुए हैं। इसलिए इस भर्ती को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने भर्ती पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## कैलाश गहलोत ने भाजपा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मंत्री कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद थे। कैलाश गहलोत ने एक दिन पहले ही आम आदमी पार्टी छोड़ी थी।

कैलाश गहलोत ने आप पार्टी के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उन्होंने दबाव में आकर भाजपा जॉइन की है। उन्होंने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में कभी भी कोई भी काम दबाव में आकर नहीं किया लेकिन गहलोत करीबी सूत्रों ने कहा कि उन्हें केन्द्र के एक वरिष्ठ मंत्री से संदेश मिला था कि अगर उन्होंने आज नहीं छोड़ी तो उनके खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियां जांच शुरू करेंगी।

गहलोत ने कहा कि उन्होंने अपनी मर्जी से भाजपा जॉइन की क्योंकि आप से उनका मोह भंग हो गया है। दिल्ली की जनता की सेवा के लिए यह पार्टी बनी थी पर इसने अपने आदर्शों से पूरी तरह समझौता कर लिया है। यह दु:ख की बात है कि पार्टी ने दिल्ली की जनता पर व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को तवज्जो दी।

पार्टी का पूरा समय केन्द्र के साथ ''टकराव में ही बीत रहा है।'' गहलोत ने कहा कि भाजपा जो भी जिम्मेवारी देगी उसे वे बखुबी निभाएंगे।

इससे पहले गहलोत को भाजपा में शामिल करते हुए खट्टर ने कहा, यह दिल्ली की राजनीति का टर्निंग पॉइन्ट है।

## राघवेन्द्र शौकीन दिल्ली सरकार में मंत्री बने

नयी दिल्ली, 18 नवंबर (वार्ता) दिल्ली में जाट समाज के लोकप्रिय नेता राघवेन्द्र शौकीन मुख्यमंत्री आतिशी की कैबिनेट में नए मंत्री होंगे।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि दिल्ली को एक नया कैबिनेट मंत्री मिल रहा है। उन्होंने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तय किया है कि राघवेन्द्र शौकीन कैबिनेट में मंत्री होंगे। हम सब जानते हैं कि राघवेन्द्र शौकीन जाट समुदाय के एक लोकप्रिय नेता हैं और उन्होंने शिक्षा

■ **वे लोकप्रिय जाट नेता हैं, जो दो बार विधायक व उससे पहले दो बार पार्षद रह चुके हैं।**

के क्षेत्र में काफी काम किया है। राघवेन्द्र शौकीन सिविल इंजीनियर भी रह चुके हैं। वह दो बार नांगलोई जाट से विधायक रहे हैं और उससे पहले दो बार पार्षद भी रहे हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार में अलग-अलग समय पर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है और दिल्ली देहात में सक्रिय राजनीति करते रहे हैं। पूरी उम्मीद है कि राघवेन्द्र शौकीन दिल्ली के लोगों की सेवा करेंगे और जो भी ज़िम्मेदारियां उन्हें मिलेंगी, उन्हें पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

# मोदी हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करें-कांग्रेस

## कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि 31 जुलाई से मणिपुर में पूर्णकालिक राज्यपाल नहीं है

नयी दिल्ली, 18 नवंबर। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने से वहां की स्थिति और बिगड़ रही है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तुरन्त मणिपुर का दौरा कर समस्या के समाधान के लिए राज्य के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस के मणिपुर के प्रभारी महासचिव गिरीश चोडनकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मेघचंद्रा तथा कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी विदेश यात्रा के दौरान बड़ी -बड़ी बातें करते हैं, लेकिन खुद के देश में मणिपुर पिछले साल तीन मई से जल रहा है, किन्तु उसके बारे में कुछ नहीं सोचते और न वहां जाकर समस्या पर बात कर उसका समाधान निकालते हैं।

■ **नेताओं ने यह भी भी मांग की है कि प्रधानमंत्री को मणिपुर की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।**

संवाददाता सम्मेलन में मांग की गई कि मोदी मणिपुर जाएं, वहां के राजनीतिक दलों के नेताओं और राहत शिविर में रहने वाले लोगों से मिलें, मणिपुर के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात करें।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, गत 31 जुलाई से मणिपुर में पूर्णकालिक राज्यपाल नहीं हैं, इसलिए जल्द से जल्द वहां पूर्णकालिक राज्यपाल नियुक्त किया जाना चाहिए। विफलताओं के बावजूद, मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्यों बचाया जा रहा है। मोदी तथा अमित शाह ईमानदारी से यदि ड्रग माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं, तो हाईकोर्ट में लंबित सभी केसज़ में कारवाई शुरू करवाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र टूट चुका है, इसके बावजूद मणिपुर के मुख्यमंत्री को पद से नहीं हटाया गया - यह समझ से परे है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, हजारों लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं, कई लोग मारे गए हैं, वहां डबल इंजन सरकार फेल हो गई है। हम उम्मीद करते हैं कि मामले की गंभीरता को समझते हुए, कांग्रेस की मांग को माना जाएगा।

## मोदी सोमवार सुबह ब्राज़ील पहुँचे

रियो डी जनेरियो/ नयी दिल्ली, 18 नवम्बर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार सुबह ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे।

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो पहुंच गया। मैं शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व

■ **वे जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।**

नेताओं के साथ सार्थक बातचीत की आशा करता हूं। मोदी के आगमन पर ब्राजील में भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है, जो हमें सभी महाद्वीपों से जोड़ता है। भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का स्वागत संस्कृत में मंत्रोच्चार साथ किया। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के अलावा, विश्व नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे।

# महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव में 1 हजार करोड़ की शराब-नकदी जब्त

## चुनाव आयोग के अनुसार यह जब्ती 2019 की तुलना में 7 गुना अधिक है

नयी दिल्ली, 18 नवंबर। चुनावों में मतदाताओं को प्रलोभन देने के हथकंडों पर रोक के लिए चुनाव आयोग की सख्ती के बीच प्रवर्तन एजेंसियों ने महाराष्ट्र और झारखंड, दोनों विधान सभा चुनावों के साथ-साथ उपचुनावों के प्रचार अभियान के दौरान, 1082 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार और प्रलोभन की अन्य सामग्री जब्त की है।

आयोग ने सोमावार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इस बार महाराष्ट्र और झारखंड में कुल जब्ती 2019 की तुलना में सात गुना अधिक हुई है। दोनों राज्यों में प्रचार अभियान आज शाम पांच बजे थम गया। इस समय 14 राज्यों में उपचुनाव भी चल रहे हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में कुल मिलाकर 858 करोड़ रुपये की

■ **चुनाव आयोग की इस सफलता में झारखंड व महाराष्ट्र के साथ 14 राज्यों का भी हाथ है, जहाँ उपचुनाव हो रहे हैं।**

जब्ती की गयी है, जो इन राज्यों में 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान की गई जब्ती से सात गुना अधिक है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में, महाराष्ट्र में 103.61 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गयी थी, जबकि झारखंड में जब्त राशि 18.76 करोड़ रुपये थी, जबकि इस बार जब्त नकदी क्रमश: 153.48 करोड़ रुपये और 14.84 करोड़ रुपये बतायी गयी है।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, महाराष्ट्र में इस बार 71.13 करोड़ रुपये की शराब, 72.14 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं, 282.49 की महंगी धातुएं तथा 80.94 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान जब्त किए गए।

झारखंड में इस बार 7.84 करोड़ रुपये की शराब, 14.84 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 8.38 की महंगी धातुएं तथा 152.22 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान जब्त किए गए।

14 राज्यों में उपचुनाव के प्रचार अभियान के दौरान 13.65 करोड़ रुपये की नकदी 40.86 करोड़ रुपये की शराब 36.59 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं 11.21 की महंगी धातुएं 121.60 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान सहित, कुल 223.91 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और सामान जब्त किए गए।

## सपा विधायक की पत्नी की सम्पत्ति जब्त

भदोही, 18 नवंबर। भदोही में समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग की संपत्ति सोमवार को एम.पी. एम.एल.ए. कोर्ट के आदेश पर जब्त कर ली गई।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर तेजवीर सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी के भदोही विधायक जाहिद बेग के घर काम कर रही नाबालिग नौकरानी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने एवं दूसरी नाबालिग किशोरी को बंधक बनाकर घरेलू काम लेने के आरोप में पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

मामले में आरोपित विधायक जाहिद बेग व पुत्र जईम बेग ने न्यायालय

■ **भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग की पत्नी पर नाबालिग नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने और एक अन्य नाबालिग नौकरानी को बंधक बनाने का आरोप है।**

में आत्मसमर्पण कर दिया था। समर्पण के बाद विधायक को केंद्रीय कारागार नैनी इलाहाबाद एवं पुत्र जईम को वाराणसी सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

## महाराष्ट्र विधानसभा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फड़नवीस की टक्कर कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडाढ़े से है। आज फड़नवीस नागपुर में अपने लिये तथा अन्य भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा, ''फड़नवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट से कम से कम पाँच बार निर्वाचित हो चुके हैं। परिसीमन की कवायद के कारण, इस सीट के क्षेत्र में बदलाव हुआ है।

अजित पवार बारामती सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वे इस सीट से लगातार सात बार चुनाव जीत चुके हैं। वे 2019 में इस सीट से 1.67 लाख वोटों के रिकॉर्ड अन्तर से जीते थे। इस बार उनका मुकाबला उनके भतीजे युगेन्द्र पवार से है, जो शरद पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. (एस.पी.) के उम्मीदवार हैं।

राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने आज बाँधरा जिले के सकोली कस्बे में एक जनसभा को सम्बोधित किया। यहाँ उनका मुकाबला भाजपा के अविनाश ब्रह्मांकर से है। पटोले सबसे पहले 2009 में सकोली सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीते थे। 2017 में, वे कांग्रेस में शामिल हो गये थे। 2019 में वे सकोली सीट से लगातार दूसरी बार जीते थे।

राज्य भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, जो तीन बार विधायक रह चुके हैं, नागपुर में काम की सीट से फिर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ सुरेश भोयार को मैदान में उतारा है।

उद्धव ठाकरे, जो एम.एल.सी. हैं, ने विधान सभा चुनाव कभी नहीं लड़ा है। उन्होंने करजट तथा बाँद्रा में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

एम.एन.एस. प्रमुख राज ठाकरे ने माहिम में रैली की। इस सीट से उनके बेटे अमित ठाकरे त्रिकोणीय संघर्ष में फँसे हुये हैं। इस सीट पर शिव सेना के सदा सर्वांकर तथा सेना (यू.बी.टी.) के महेश सावन्त चुनाव मैदान में हैं। अमित का यह पहला चुनाव है।

कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट, जो संगमनेर सीट से लगातार 8 बार विधायक रह चुके हैं, नौवीं बार भी वहीं से खड़े हैं। भाजपा के राधाकृष्ण विखे-पाटिल शिरडी से अपना आठवाँ चुनाव लड़ रहे हैं। रोहित पवार करजट जामखेड़ से अपना दूसरा चुनाव लड़ रहे हैं। यहाँ शरद पवार आज एक रैली करेंगे। छगन भुजबल येओला चुनाव क्षेत्र में एन.सी.पी. (एस.पी.) के माणिकराव शिन्दे की चुनौती का सामना कर रहे हैं। छगन भुजबल इस सीट पर पिछले 20 वर्षों से जीतते आ रहे हैं।

मुम्बई के चुनाव पर सारी दुनिया की नजरें हैं, क्योंकि यहाँ के चुनाव परिणाम देश की वित्तीय राजधानी से एक ताकतवर सन्देश देंगे।

## 'उपचुनाव तय करेंगे यूपी का भविष्य'

लखनऊ 18 नवंबर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश आज़ादी के बाद के सबसे कठिन उपचुनावों का गवाह बनने जा रहा है। यह उपचुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य का रुख़ तय करेंगे।

यादव ने मतदाताओं के नाम अपील जारी कर कहा कि इन उपचुनावों में लोकसभा 2024 के चुनावों की तरह भाजपा की नकारात्मक राजनीति को फिर से धूल चटाने और संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण व सामाजिक न्याय के संघर्ष को बचाने के लिए पूरा पीडीए समाज सभी नौ सीटों पर एकजुट है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों की 50 और कम्पनियाँ भेजी जाएंगी

नयी दिल्ली 18 नवम्बर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच सोमवार को यहां लगातार दूसरे दिन वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और सुरक्षा बलों तथा राज्य एजेन्सियों से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने के कदम उठाने को कहा।

इस बीच केन्द्र सरकार मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए केन्द्रीय पुलिस बलों की तैनाती

■ **वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में अमित शाह ने यह निर्णय लिया।**

भी बढ़ा रही है और वहां केन्द्रीय पुलिस बलों की 50 अतिरिक्त कंपनियां भेजी जा रही हैं। इससे पहले भी केन्द्र ने वहां 20 कंपनियां तैनात की थीं।

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के कारण बढ़ते तनाव के मद्देनजर, शाह ने रविवार को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर नॉर्थ ब्लॉक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ आपात बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की थी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और कुछ अन्य क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद हैं।

हिंसा की घटनाओं के बाद, उग्र भीड़ ने कुछ विधायकों और मंत्रियों के घरों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी भी की है, जिससे राज्य के कुछ हिस्सों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## के. संजय मूर्ति नए सी.ए.जी. नियुक्त

नयी दिल्ली 18 नवंबर। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी के. संजय मूर्ति को नया कंट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल (सी.ए.

■ **संजय मूर्ति हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आई.ए.एस. अफसर हैं।**

जी.) अर्थात नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 148 के खंड (एक) के तहत यह नियुक्ति की है।

# पांच माह के बच्चे की कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी

नयी दिल्ली 18 नवंबर (वार्ता) जन्म से ही कम सुनने के विकार से पीड़ित पांच महीने के शिशु में देश में पहली बार कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करके चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, फरीदाबाद के सर्वोदय अस्पताल में ई.एन.टी. एवं कॉकलियर इम्प्लांट

■ **देश में इतने छोटे बच्चे की यह सर्जरी पहली बार हुई है।**

विभाग के निदेशक डॉ. रवि भाटिया ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इतनी छोटी उम्र में यह सर्जरी भारत में पहली बार हुई है। शिशु को जन्म से ही सुनने की समस्या थी। इस प्रक्रिया में मरीज के कान में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण स्थापित किया जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार भारत में जन्म लेने वाले हर 1000 बच्चों में से चार से छह बच्चों में जन्म से ही कम सुनने का विकार होता है। इस स्थिति में बच्चे सुनने की कम क्षमता के साथ जन्म लेते हैं। यह दोष या तो गर्भ में पल रहे शिशु के ऑडिटरी सिस्टम के असामान्य विकास के कारण होता है या माता-पिता से आनुवंशिक विकार के रूप में मिलता है। कई नवजात शिशुओं की सुनने की क्षमता की जाँच की ही नहीं जाती है, इसलिए इस दोष से पीड़ित शिशुओं की संख्या और ज्यादा होने का अनुमान है।

डॉ.भाटिया ने बताया साढ़े चार महीने के शिशु को सर्वोदय अस्पताल के सेंटर ऑफ ई.एन.टी. एवं कॉकलियर इम्प्लांट में भर्ती कराया गया था।

शिशु के पिता को भी जन्म से ही कम सुनने की समस्या थी। अस्पताल में शिशु का विस्तृत ऑडियोलॉजिकल परीक्षण किया गया और कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करने का निर्णय लिया। अब वह शिशु 10 महीने का हो चुका है और एक स्वस्थ एवं सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है।

## देश को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किलोमिटर में फैला है।

इसका नाम गुरू घासीदास तमोरे पिंगला टाइगर रिजर्व रखा गया है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने लिखा कि, भारत टाइगर संरक्षण के नए सोपान तय कर रहा है।

हमने गुरू घासीदास तमोरे पिंगला टाइगर रिज़व को छत्तीसगढ में छप्पनवें टाईगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित कर दिया है। यह 2829 वर्ग किलामीटर में फैला है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600

# रीट परीक्षा-2021 घोटाले में शामिल इनामी महिला इमरती विश्नोई गिरफ्तार

## फर्जी तरीके से अध्यापक की नौकरी पाने का सपना देख रही थी इमरती विश्नोई

- फरारी अवधि में दर-दर भटकती खेतों में फसल काटने का काम भी कर रही थी
- इससे पहले तीन बार दबिश में पुलिस को चकमा देने में कामयाब रही थी इमरती विश्नोई
- रेंज पुलिस की साइक्लोनर टीम ने अब तक 56 अपराधियों को पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर रेंज पुलिस की साइक्लोनर टीम ने रीट पेपर घोटाले की एक वांटेड महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पर 25 हजार का इनाम घोषित हो रखा था। वह रीट परीक्षा 2021 घोटाले में शामिल होने के साथ वांछित चल रही थी। साइक्लोनर टीम की तरफ से अब तक 56 अपराधियों को पकड़कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि मादक द्रव्य तस्करी के किंगपिंग, पेपरलीक घोटाले के सरगनाओं और लम्बे समय से फरार कुख्यात अपराधियों को पकड़ने का सिलसिला जारी है। साइक्लोनर सैल के गठन के आठ महीने में अब तक 56 अपराधी पकड़े जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन बेंचवार्मर्स की चौथी सूत्रधार उमराई निवासी इमरती पत्नी रमेश विश्नोई को अब गिरफ्तार किया है। उस पर वर्ष 2021 के रीट परीक्षा घोटाले को लेकर 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि इमरती पत्नी रमेश विश्वोई के बारे में सूचना मिलने पर उसे रविवार की शाम को बालेसर थाना क्षेत्र के बम्बोर गांव में साईक्लोनर टीम ने एक होटल में दबिश देकर पकड़ा। वह पिछले तीन साल से फरार चली आ रही थी। फर्जी तरीके से अध्यापक की नौकरी पाने का सपना देख रही इमरती फरारी अवधि में दर-दर भटकती खेतों में फसल काटने का काम भी कर रही थी। वह इससे पहले तीन बार दबिश में पुलिस को चकमा देने में कामयाब रही थी, मगर इस बार वह पुलिस के हाथ लग गई।

**पूर्व में पकड़ी गई छम्मी विश्नोई से था संपर्क :-** इमरती विश्नोई के बारे में पता लगा कि वह वृन्दावन में पुजारिन बनकर फरारी काट रही पेपर लीक घोटाले की मुख्य सूत्रधार छम्मी विश्नोई से करीबी षड्यंत्रकारी सम्पर्क में थी। अब तक के अनुसंधान के अनुसार रीट परीक्षा में इमरती के पहले परीक्षा में अभ्यर्थी बनकर बैठने का ठेका छम्मी विश्नोई ने लिया था। छम्मी विश्नोई के पकड़े जाने पर इमरती से बारे सुराग हाथ लगे थे।

**इमरती के दस्तावेज लगे हाथ :-** रेंज आईजी विकास कुमार के अनुसार वर्ष 2021 में की गयी पुलिस कार्रवाई में मौके से ही इमरती के दस्तावेज व परीक्षा प्रवेश पत्र बरामद हुए थे। परीक्षा प्रवेश पत्र की फोटो में कम्प्यूटर से छेड़खानी की गई थी। फरारी अवधि में इमरती कल्याणपुर, जोधपुर, बम्बोर तो कभी अन्य रिश्तेदारों के यहां लगातार भागती ही रही। उसे बम्बोर में पिता की होटल व उसके पीछे रिहाइशी ठिकाने पर छुपकर रहना सुरक्षित लगा था। पूछताछ एवं जानकारी में पता लगा कि इमरती का बम्बोर प्रिय ठिकाना रहा क्योंकि यहां दूर से ही आने वाले को देखकर दौड़कर भाग जाया करती थी।

हर बार पुलिस को देखकर पिछवाड़े से खिसक जाया करती थी। साइक्लोनर टीम के सदस्य दो-दो के दल में ग्राहक बनकर होटल में बारी-बारी से पहुंचे तथा ड्राइवरों ने बाहर की घेराबन्दी कर ली तो चालाक इमरती की होशियारी काम न आ सकी ओर वह पुलिस की पकड़ में आ गयी। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में हैड कांस्टेबल महिपाल सिंह की तकनीकी तथा कांस्टेबल गोपाल जाणी की आसूचना में मुख्य भूमिका रही। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित कर एसआई सरोज कांस्टेबल महेन्द्र, कानि. राकेश, जोगाराम, रोहिताश, राकेश एवं मनीष भी शामिल रहे।

# नौ करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद, पांच लोगों को पकड़ा

## बॉर्डर पर साल भर पहले मिली थी नौ करोड़ की हेरोइन, जिसे बेच रहे थे उसी ने पकड़वाया

- डिलीवरी नहीं होने के कारण खेत मालिक को हेरोइन का पता चला तो उसने जमीन में गाड़कर छिपा दी थी, अब बेचने की फिराक में पकड़े गए

**बीकानेर,** (निसं)। पाक बॉर्डर से सटे बीकानेर के खाजूवाला में पुलिस ने डीएसटी की सूचना पर करीब नौ करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन साल भर पहले पाक तस्करों ने ड्रोन के जरिये गिराई थी। डिलीवरी नहीं होने के कारण खेत मालिक को हेरोइन का पता चला तो उसने जमीन में गाड़कर छिपा दी। अब बेचने की फिराक में पकड़े गए।

जानकारी के अनुसार बीकानेर पुलिस ने खाजूवाला बॉर्डर इलाके में 986 ग्राम हेरोइन बरामद कर पांच लोगों को पकड़ा है। बरामद हेरोइन का बाजार मुल्य करीब नौ करोड़ रुपए बताया जा रहा है। जानकारी में सामने आया कि बरामद की गई हेरोइन सालभर पहले पाक बॉर्डर से सटे खाजूवाला के चक 10 बीडी में हरजिन्द्र उर्फ लाला जटसिख के खेत में ड्रोन के जरिये गिराई गई थी। डिलीवरी लेने वाले हेरोइन तक नहीं पहुंच पाए और वह खेत में पड़ी रह गई। खेत मालिक हरजिन्द्र और उसके पड़ोसी साथी हरदीपसिंह उर्फ प्रदीप जटसिख को हेरोइन का पता चला तो उनके मन में लालच आ गया। उन्होंने बीएसएफ या पुलिस को बताने की बजाय हेरोइन जमीन में गाड़कर छिपा दी। बाद में हेरोइन को बेचने का मौका और ग्राहक तलाशते रहे। तीन-चार माह पूर्व सचिन बिश्नोई ने हेरोइन को अच्छे दामों में बिकवाने का आश्वासन दिया। बीकानेर शहर में हेरोइन बेचने की तैयारी कर ली गई। सचिन ने हेरोइन बेचने के लिए जिससे संपर्क किया, वही पुलिस का मुखबिर बन गया। उसकी इत्तला पर पुलिस ने अपना जाल बिछाना शुरू कर दिया। 15 नवंबर को कार में सवार 10 बीडी निवासी हरदीपसिंह उर्फ प्रदीप, 13 बीडी निवासी गरबाजसिंह जटसिख व 14 बीडी निवासी परविन्द्रसिंह उर्फ पप्पू रायसिख 820 ग्राम हेरोइन लेकर बीकानेर आ रहे थे। खाजूवाला में मोदी डेयरी बीकानेर रोड पर रोही चक 6 केजेडी में डीएसटी और पुलिस ने घेराबंदी कर ली। चालक हरदीप मौके से निकल गया और कार में दोनों आरोपी पकड़े गए। उसके बाद पुलिस ने खोजबीन कर 10 बीडी निवासी हरजिन्द्र को भी पकड़ लिया और उससे 986 ग्राम हेरोइन बरामद की। कुल 1.8 किग्रा हेरोइन बरामद कर ली गई। हेरोइन बिकवाने का सूत्रधार सचिन भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है।

पुलिस और डीएसटी को मुखबिर के जरिये 15-20 दिन पूर्व ही हेरोइन की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी मिल गई थी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और माल बरामदगी की योजना बनाई। इस दौरान सचिन हेरोइन बेचने के लिए उसका सैंपल लेकर बीकानेर आया। इन दिनों शहर में पुलिस की सख्ती के कारण वह वापस खाजूवाला चला गया। वह चाहता था कि शहर की बजाय खाजूवाला में ही माल का सौदा हो। दूसरी ओर, पुलिस भी नहीं चाहती थी कि हेरोइन शहर में आए, क्योंकि, आशंका थी कि अगर हेरोइन शहर में बंट गई तो उसका इकट्ठा बरामद होना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए खाजूवाला में हेरोइन बरामद कर अभियुक्तों को पकड़ा।

बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश का कहना है कि बीकानेर रेंज में नशे पर लगाम के लिए पुलिस सख्त है और अभियान छेड़ रखा है। बॉर्डर एरिया में भी पुलिस और बीएसएफ समन्वय से काम कर रहे हैं और बड़ी मात्रा में हेरोइन पकड़ी जा रही है। इसके अलावा पुलिस-पंचायत कार्यक्रम के जरिये बॉर्डर इलाके के गांवों में रहने वाले लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं, जिससे संदिग्ध और बाहर से आने-जाने वालों के बारे में जानकारी हासिल कर कार्रवाई की जा सके।

# दो बाइकों की टक्कर में दो भाइयों सहित तीन की मौत

- दोनों सगे भाई सीकर से नीट की तैयारी कर रहे थे, तीसरा युवक गांव में अपना मकान बना रहा था

**नोखा,** (निसं)। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल से गुजर रहे ग्रामीण ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी, हालांकि अस्पताल ले जाते वक्त गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि वह करीब एक घंटे तक सड़क पर ही तड़पता रहा। मृतकों में दो सगे भाई हैं। दोनों सीकर से नीट की तैयारी कर रहे थे। वहीं तीसरा युवक गांव में अपना मकान बना रहा था। हादसा रात 9.30 बजे नोखा (बीकानेर) के पांचू थाना क्षेत्र में हुआ।

पांचू थानाधिकारी रामकेश मीणा ने बताया कि हादसे में गांव कक्कू निवासी प्रमोद मेघवाल (23) पुत्र भंवरलाल मेघवाल और राकेश मेघवाल (25) पुत्र भंवरलाल मेघवाल की मौत हो गई। दोनों सगे भाई हैं। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक भादला निवासी मघाराम कुम्हार (45) पुत्र देवाराम भादला ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। थानाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। हादसे में मघाराम कुम्हार और प्रमोद मेघवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राकेश को गंभीर हालत में नोखा जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से बीकानेर पीबीएम रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

थानाधिकारी ने बताया कि दोनों भाइयों के चाचा चेनाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि भतीजे प्रमोद और राकेश मेघवाल दोनों नीट की तैयारी कर रहे थे। दोनों पढ़ाई में होशियार थे। उनकी एक बहन है। दोनों बाइक से नोखा से कक्कू अपने गांव आ रहे थे। रात 9:30 बजे कक्कू से 2 किलोमीटर पहले स्थित पेट्रोल पंप पर भादला से नोखा की तरफ आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। चाचा ने दूसरी बाइक पर सवार भादला निवासी मेघाराम कुम्हार ने तेज गति, लापरवाही और गलत तरीके से चलाते हुए टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है। दूसरी बाइक पर सवार मेघाराम कुम्हार अपने गांव भादला में घर बना रहा था। घर का काम देखकर नोखा लौट रहा था। वह फिलहाल नोखा में रह रहा था। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है।

# मुनाफे का लालच देकर युवक से 65 लाख की धोखाधड़ी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के आदर्श नगर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर करीब 65 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर रकम हड़प ली। पीड़ित युवक ने थाने में धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

शास्त्री नगर निवासी अरविंद ओबेराय ने आदर्श नगर थाने लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित अरविंद ने बताया कि मुरली भगतानी और दीपक चंदवानी प्रॉपर्टी कारोबारी उसके पास आए और उसे प्रॉपर्टी के व्यवसाय में मुनाफे का लालच दिया। आरोपी मुरली ने अरविंद को बताया कि बड़गांव में आशीष विश्वा और कमल किशोर सैनी ने प्लॉटिंग की है, जिससे निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। अरविंद ने उनकी बातों में आकर बड़गांव जाकर संपत्ति देखी, जहां उसे आशीष विश्वा और कमल किशोर सैनी मिले। उन्होंने उसे संपत्ति में निवेश करने के लिए प्रेरित किया और मुनाफे के अच्छे सौदे होने का दावा किया।

पीड़ित का आरोप है कि आशीष ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे निवेश के लिए प्रोत्साहित किया और विभिन्न जगहों पर निवेश का प्रलोभन देकर कुल 65 लाख रुपए हड़प लिए। अरविंद को जब ठगी का एहसास हुआ, तब उसने आदर्श नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अरविंद की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने अरविंद के बयान दर्ज कर धोखाधड़ी के इस संगठित गिरोह की जांच में जुट गई है।

# पात्रता जांच के लिए विचारित सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य- ब्रॉड स्पेशलिटी (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता जांच के लिए पेडियाट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स एवं साइकेट्री के पदों की विचारित सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि 6 मई को आयोजित संवीक्षा परीक्षा के फलस्वरूप पेडियाट्रिक्स के पदों हेतु 118, ऑर्थोपेडिक्स के पदों हेतु 150 एवं साइकेट्री के पदों हेतु 43 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात जारी की जायेगी। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा। विस्तृत आवेदन पत्र अथवा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में अभ्यर्थियों को यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

# दुराचार मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में दुराचार के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 29 सितंबर का है, पीड़िता ने डाक के जरिए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

थाने के हैड कांस्टेबल बाबू लाल ने बताया कि घटना 2016 की है, जब पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा थी। पीड़िता ने बताया कि वह उस समय अपने ननिहाल गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी रूपेंद्र से हुई। रूपेंद्र ने ननिहाल में उसे अकेला देखकर घर में घुस कर उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था। बेहोशी का फायदा उठाकर रूपेंद्र ने उसके साथ दुराचार किया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बार-बार दुराचार किया। आरोपी रूपेंद्र ने पीड़िता को दिल्ली और पुष्कर भी घुमाने ले गया, जहां पर भी उसने पीड़िता के साथ दुराचार किया। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव डाला, तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 11808719 दिनांक :- 15/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या:- जोन पीएचई /07/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एंव राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB CODE:- JOD2425A0117

Tender ID/UBN No.:- JOD2425WSOB00257

राज.संवाद/सी/24/7854 अधिशाषी अभियंता (पीएचई)


# नशे के कैप्सूल सहित दो गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अनूपगढ़ के रायसिंहनगर रोड से पुलिस ने दो युवकों को 800 नशीले कैप्सूल और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को दो युवकों के इस इलाके में नशीले कैप्सूल लेकर आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दो युवकों को रोका। दोनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से नशे की गोलियां मिली। गिरफ्तार किए गए युवकों में आरोपी विजयकुमार पुत्र गंगाराम श्रीबिजयनगर के वार्ड चार का रहने वाला है जबकि अन्य आरोपी आशिक खान पुत्र याकूब खान श्रीबिजयनगर के वार्ड 12 का रहने वाला है।

# आयोग ने चार विभिन्न विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी जारी की

## असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 के तहत हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास एवं इंग्लिश विषय की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 20 नवंबर से 22 नवंबर 2024 को रात्रि बारह बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

आयोग के वरिष्ठ उपसचिव एसएन शर्मा ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क 100 रुपये (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

# केंद्रीय मंत्री खराड़ी देवमाली गांव पहुंचे

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवमाली पर केंद्रीय जन जातीय व रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी सोमवार को बेस्ट टूरिज्म विलेज देवमाली पहुंचे और देव दर्शन कर खुशहाली की कामना की। केंद्रीय मंत्री बाबू लाल खराड़ी के अपने निजी कार्य से देवमाली पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि पिरू गुर्जर मंदिर, कमेटी के अध्यक्ष माधु लाल गुर्जर सहित ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन में दुपट्टा ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर खराड़ी ने पहाड़ी पर स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में जाकर देव दर्शन किए।


**कार्यालय नगरपालिका बालेसर सत्ता जिला-जोधपुर ग्रामीण (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.बाले.सत्ता/विकास/2024-25/27 दिनांक :- 11/11/2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना (2024-25)**

नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। नगरपालिका क्षैत्र में विभिन्न विकास कार्यो हेतु अनुमानित लागत 92.76 लाख रू की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एंव निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code: DLB2425A3857

राज.संवाद/सी/24/7868 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत, अजमेर**

क्रमांकः-अधी. अभि/निविदा/2166 दिनांक :-11.11.2024

NIB No.:-PWD2425A 2605

विषय :- अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2024-25 (Construction of Dev Narayan Hostel Building at Nasirabad District Ajmer भवन का निर्माण कार्य) के प्रकाशन बाबत।

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से Construction of Dev Narayan Hostel Building at Nasirabad District Ajmer स्वीकृत भवन निर्माण कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 01 (एक) कार्य जिसकी लागत राशि रू. 220.72 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | बुधवार 13 नवम्बर 2024 प्रातः 9.30 बजे से 20 नवम्बर 2024 सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी।

UBN No.:- PWD2425WSOB09553

(गिर्राज प्रसाद गुप्ता), अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. वृत-अजमेर

DIPR/C/11317/2024

**बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड**

(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

**सूचना**

(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (2) के तहत)

1. बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के तहत पारेषण लाइनों, उप-स्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक आवेदन किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्र. सं. | लाइन/सबस्टेशन का नाम (नोट के अनुसार स्थान) | बीपीसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार लाइन की लंबाई/क्षमता | वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्क (आईएनआर) मिलियन प्रति वर्ष | कमीशनिंग शेड्यूल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 765/400/220kV बाड़मेर-I पूलिंग सब स्टेशन और संबंधित उपकरण। | 5500 एमवीए, 730 एमवीएआर (बीआर) 480 एमवीएआर (एसएलआर) | 2473.60 | असरदार तारीख यानी 07.11.2024 से 24 महीने | |
| 2. | 400kV फतेहगढ़-III (सेक्शन-2) पीएस-बाड़मेर-I पीएस डी/सी लाइन | 51.16 किमी | | | |
| | फतेहगढ़-III (सेक्शन-2) पीएस पर 2 नं 400 केवी लाइन बे | - | | | |
| 3. | 765kV बाड़मेर-I पीएस-सिरोही पीएस डी/सी लाइन | 229.17 किमी | | | |
| | सिरोही पीएस में 2 नं 765kV लाइन बे | 480 एमवीएआर (एसएलआर) | | | |

नोटः (i) सभी तत्वों के स्थान राजस्थान राज्य में हैं।

(ii) पूर्ण दायरे के लिए कृपया https://www.powergrid.in/subsidiaries पर जाएं

2. आयोग के समक्ष दायर पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेब साइट https://www.powergrid.in/subsidiaries पर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के सी/ओ ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुड़गांव 122001 में श्रीमती रितु यादव, वित्त प्रभारी, बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग का कार्यालय के साथ भी किया जा सकता है।
3. आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट, अखबार में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग 7वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के समक्ष आपत्ति (ओं)/सुझाव (ओं) की एक प्रति के साथ दायर किया जाना चाहिए।

श्रीमती रितु यादव, वित्त प्रभारी, बाड़मेर I ट्रांसमिशन लिमिटेड

स्थान : नई दिल्ली

तारीख: 19.11.2024

PG/CC/Notice-100(TBCB)/Advt-132/24-25


# बूंदी महोत्सव में लोक संस्कृति की छटा बिखरी

**बूंदी,** (निसं)। हाड़ौती के पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव का भव्य शुभारंभ सोमवार को छोटी काशी में लोक सांस्कृतिक रंगों के बीच हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने मंगल वाद्य यंत्रों की ध्वनि के बीच मंत्रोच्चार, शंखनाद, गणपति पूजन वंदन किया। इसके बाद जिला कलेक्टर, बूंदी के पूर्व राजपरिवार सदस्य वंशवर्धन सिंह ने ध्वजारोहण कर पर्यटन पर्व का शुभारंभ किया। गढ़ गणेश की पूजा-अर्चना पंडित विश्वनाथ शर्मा ने सम्पन्न कराई।

हर आयु वर्ग के व्यक्तियों में महोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लोक कलाकारों ने संगीत, धुनों के बीच कच्छी घोड़ी नृत्य कर समां बांधा। वहीं परम्परागत लोक वाद्यों की धुने गुंजायमान रही। महोत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक बूंदी पहुंचे है। इस अवसर पर गढ़ पैलेस में आयोजित कैनवास पेटिंग का भी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने उद्घाटन किया। गढ़ गणेश की पूजा अर्चना के बाद निकाली गई शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह व्यापारिक, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, आमजन और और संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। फादर रोबिन जान, सुखजिंदर सिंह, शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी, मौलाना असलम, मेहमूद अली ने शोभायात्रा का स्वागत किया। गढ़ की पड्स से आरंभ होकर शोभायात्रा पुरानी बूंदी की विरासत को निहारती हुई मुख्य बाजार होकर पुलिस परेड ग्राउंड पर पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट और नृत्य करते लोक कलाकारों ने फिजां में उत्सवी रंग घोल दिए। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से संदेश बोधक झांकियां भी आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनी रही।



बूंदी महोत्सव के दौरान लोक कलाकारों ने संगीत की धुनों के बीच कच्छी घोड़ी नृत्य कर समां बांधा।

बूंदी महोत्सव के तहत सोमवार को हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंगों के बीच पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रतियोगिताओं का रोमांच भी देखने को मिला। परेड ग्राउड पर उत्सवी रंगों के बीच हुई प्रतियोगिताओं ने सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रमों की कड़ी में पुलिस परेड़ ग्राउण्ड में देशी व विदेशी सैलानियों की साफा बांधों प्रतियोगिता हुई। विदेशी महिला पुरुषों ने जहां जोश व उत्साह के साथ साफा बांधने में होड दिखाई, वहीं स्थानीय पुरुषों ने भी साफा बांधा। विदेशी पर्यटकों की साफा बांधो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयरलेंड की क्रोमेक, दूसरे स्थान पर पौलेंड की पेट्रिजा, तीसरे स्थान पर फ्रांस की लियोनी रही। स्थानीय पुरूषों की प्रतियोगिता में भूपेन्द्र सिंह हाडा, द्वितीय स्थान पर धन्नालाल त्रिपाठी और जगदीश प्रसाद सेन तीसरे स्थान पर रहे। इसी मैदान पर स्थानीय लोगों की मूंछ प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में बीकानेर के कंवरलाल चौहान प्रथम, बीकानेर के किशोरलाल कल्ला दूसरे तथा श्याम जोशी तीसरे स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की पणिहारी दौड़ हुई। इसमें महिलाओं ने सिर पर मटकी रखकर दौड़ लगाई। पणिहारी दौड़ प्रतियोगिता में पायल टेलर पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर विदेशी पर्यटक रोमानी तथा एनी तीसरे स्थान पर रही। महोत्सव की प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में पुलिस परेड़ ग्राउण्ड पर विदेशी सैलानियों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता हुई।

- लोक रंगों से सराबोर शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ा, पुष्पवर्षा से शहरवासियों ने स्वागत किया

कार्यक्रम में बूंदी जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, बूंदी नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व विधायक ओमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, सीईओ रवि वर्मा, उपखण्ड अधिकारी एचडी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा, पर्यटन विभाग कोटा उपनिदेशक विकास पांड्या, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, राजकुमार श्रृंगी, मानस जैन, मनीष सिसोदिया, अशोक विजय, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, राजेंद्र भारद्वाज, गढ़ पैलेस संचालक जे.पी. शर्मा, नुपुर मालव, पंडित ज्योतिशंकर शर्मा, पुरूषोत्तमलाल पारीक,अशोक कुमार तलवास, निर्मल मालव, के.सी.वर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में आमजन की मौजूदगी रही।

# खेल जगत



भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। इसके साथ ही गांगुली ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सरफराज खान को मौका दिए जाने का भी पुरजोर समर्थन किया है। – सौरव गांगली

पूर्व भारतीय कप्तान, भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की तुलना पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से करते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

## साकिब महमूद



**साकिब महमूद** ने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे। इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए। इंग्लैंड के नाम रही सीरीज, शुरुआती 3 मैच जीते थे इस मैच के रद्द होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही।

**क्या आप जानते हैं ?...** उन्नीसवीं सदी तक बॉक्सिंग को दुनिया में हिंसक खेला माना जाता था और इस पेशेवर खेल पर प्रतिबंध था जो 1901 में हटा था।

## एमयूजे की यशस्वी राठौड़ ने बिखेरी चमक

जयपुर, 18 नवंबर। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की बीपीईएस (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड



स्पोर्ट्स) की प्रतिभाशाली छात्रा, यशस्वी राठौड़ ने एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 में दो कांस्य पदक जीतकर अपनी काबिलियत का परिचय दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें दुनियाभर के बेहतरीन युवा निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। यशस्वी ने व्यक्तिगत और टीम, दोनों श्रेणियों में शॉटगन स्कीट में कांस्य पदक जीतकर देश और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यशस्वी की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उनकी यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि वैश्विक मंच पर मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की प्रतिष्ठा में भी चार चांद लगाती है। दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के श्रेष्ठ निशानेबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए यशस्वी ने अपनी सटीकता और नियंत्रण का अद्वितीय प्रदर्शन किया और शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई।

## डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का छठा संस्करण स्पोफिट अकादमी जयपुर में

जयपुर, 18 नवंबर। लीग चैयरमैन डा अनिल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनवारण डॉ विकास स्वर्णकार, चैयरपर्सन महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एन्ड टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया।

# इंग्लैंड और विंडीज आखिरी ट्वंटी-20 बारिश में धुला

### अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज



सेंट लूसिया, 18 नवम्बर। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था।

सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज का स्कोर 44/0, लुईस-होप नाबाद रहे खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लुईस ने पहला ओवर डाल रहे जोफ्रा आर्चर की दूसरी बॉल पर चौका जमाया। फिर होप के साथ मिलकर 5वें ओवर में टर्नर की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाते हुए 16 रन लिए।

साकिब महमूद ने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे। इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए। इंग्लैंड के नाम रही सीरीज, शुरुआती 3 मैच जीते थे इस मैच के रद्द होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरुआती 3 मुकाबले जीते थे, जबकि चौथे मुकाबले को जीतकर विंडीज की टीम ने वापसी की थी।

# आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने के लिए डेनियल विटोरी पर्थ टेस्ट बीच में छोड़े देंगे



पर्थ,18 नवम्बर। ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी इस सप्ताह के आखिर में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बड़ी नीलामी में भाग लेने के लिए यहां भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के बीच में ही अपना कार्यभार छोड़ देंगे। आईपीएल नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट मैच 22 नवंबर से यहां के ऑप्टस मैदान पर शुरू होगा। विटोरी ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच होने के अलावा आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच भी हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम के प्रवक्ता ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''हम सनराइजर्स हैदराबाद के कोच के तौर पर डैन (विटोरी) की भूमिका का समर्थन करते है। वह आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने से पहले शुरुआती टेस्ट मैच की पूरी तैयारी करेंगे। वह नीलामी के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों के लिए टीम के साथ रहेंगे।'' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के राष्ट्रीय विकास कोच लाचलान स्टीवंस पर्थ टेस्ट के दौरान 45 साल के विटोरी की जगह लेंगे। विटोरी के अलावा रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर भी आईपीएल नीलामी के कारण 'चैनल सेवन' के लिए कमेंट्री की भूमिका को नहीं निभा पायेंगे।

## राजस्थान-आंध्रा अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी मैच ड्रॉ

जयपुर, 18 नवम्बर। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता के जयपुर में के एल सैनी स्टेडयम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेला जा रहा राजस्थान -आंध्रा अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच आज अतिंम दिन ड्रॉ समाप्त हुआ।

राजस्थान पहली पारी 601/7 घोषित (159.5 ओवर), टीम के लिए सुमित गोदारा नाबाद 304, राज शर्मा नाबाद 86, जयंत ताम्बी 55, करण लाम्बा 46, हिमांशु नेहरा 44, मुकुल चौधरी 32 व पुखराज कुमार नाबाद 21 रनो का योगदान दिया।

**आंध्रा पहली पारी 224 आल आउट टीम के लिए जी एस तेजा 115 रनो की पारी खेली**

राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा ने शानदार गेंदबाजी जारी रखते हुए आंध्रा की आधी टीम को पवेलियन लौटाया। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 44/5, चेतन शर्मा 45/2, अशोक शर्मा 49/1 व हिमांशु नेहरा 54/1 विकेट प्राप्त किया। अशोक शर्मा ने शानदार फ़िल्डिंग करते हुए आंध्रा के रवि किरण को रन आउट किया। आज अंतिम दिन खेल समाप्त होने तक आंध्रा ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 242 रन बना लिए थे। टीम के लिए जी एस तेजा 100 व प्रसाद 63 रन। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 66/2, चेतन शर्मा 25/1, हिमांशु नेहरा 88/1 विकेट प्राप्त किए।

### राजस्थान टीम को क्वालीफाई के लिये अगला मैच जीतना ही होगा

# संतोष ट्रॉफी फुटबॉल : राजस्थान और गुजरात का मैच ड्रॉ

जयपुर, 18 नवंबर। संतोष ट्रॉफी ग्रुप मैच के दूसरे दिन का पहला मैच मेजबान राजस्थान और गुजरात के बीच खेला गया जो ड्रॉ रहा। दोनो टीमों ने कोई गोल नहीं कर पाई। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के पहले मुकाबले में राजस्थान की ओर से अमित गोदारा, मुकेश,इमरान मानी, डिफेंस अल्ताफ और गोलकीपर गौरव ने शानदार खेल दिखाया और अच्छे मूव बनाये लेकिन गोल करने मैं सफलता नहीं मिली। गुजरात की ओर से भी अमन ने अच्छा खेल दिखाया दोनो ही टीमों के मध्य एक संघर्षपूर्ण मैच जो बराबरी पर रहा। मैन ऑफ द मैच राजस्थान के मुकेश को दिया गया। विदित है कि प्रथम मैच में राजस्थान ने महाराष्ट्र को 2-1 से विजय रही थी अब अंक तालिका में राजस्थान के 2 मैचों 4 अंक हो गये अब आखिरी मैच दमन और दिव से 20 नवंबर को होगा। दूसरा मैच महाराष्ट्र और दमन दीव के बीच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने 3-0 से जीत हासिल की। महाराष्ट्र की ओर से पहला गोल सुमित ने किया तथा दूसरा और तीसरा गोल हिमांशु ने किए। मैन ऑफ द मैच महाराष्ट्र के हिमांशु को दिया गया। तीसरे दिन गुजरात और महाराष्ट्र के मध्य खेले जाने वाले मैच से ग्रुप क्वालिफाई की स्थिति साफ होगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ



होबार्ट, 18 नवंबर। गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 61) रनों की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 52 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया।

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 3.3 ओवर में 30 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। मैथ्यू शॉर्ट (दो), जेक फ्रेजर-मक्गर्क (16) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान जॉश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में अब्बास अफरीदी ने जॉश इंग्लिस (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्कस स्टॉयनिस ने 27 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुये (नाबाद 61) रनों की पारी खेली। टिम डेविड सात रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 11.2ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया । पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी, अब्बास अफरीदी और जहानदाद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नौ) को स्पेंसर जॉनसन ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हसीबउल्लाह खान ने बाबर आजम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एडम जम्पा ने हसीबउल्लाह खान (24) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद पाकिस्तान की पारी ताश के पत्तों की ढह गई। उस्मान खान (तीन), आगा सलमान (एक), इरफान खान (10), अब्बास अफरीदी (एक), जहानदाद खान (पांच),शाहीन शाह अफरीदी (16), सुफियान मकीम (एक) रन बनाकर आउट हुये। बाबर आजम ने 28 गेंदों में (41) रन बनाये। उन्हें एडम जम्पा ने बोल्ड आउट किया। पाकिस्तान की पूरी टीम 18.1 ओवर में 117 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐरन हार्डी ने तीन विकेट लिये। स्पेंसर जॉनसन और एडम जम्पा को दो-दो विकेट मिले। नेथन एलिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## राजधानी

# राज्य में संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा राइजिंग राजस्थान : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने की 'राइजिंग राजस्थान' की समीक्षा, कहा, ''राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने के सफर में राइजिंग राजस्थान महत्वपूर्ण पड़ाव होगा''
- विकसित भारत-विकसित राजस्थान थीम पर आयोजित होगी प्रदर्शनी

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था को अगले 5 सालों में 350 बिलियन डॉलर बनाने के सफर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। उन्होंने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाला यह समिट राज्य में सम्भावनाओं के नए द्वार खोलेगा और राज्य को देश-दुनिया में निवेश के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसमें होने वाले निवेश समझौतों से प्रदेश की हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति होगी और युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ 9, 10 व 11 दिसम्बर को होने वाले विभिन्न आयोजनों, देश और विदेश से आने वाले अतिथियों के आगमन, उनके ठहरने तथा आयोजन स्थल से जुड़ी विभिन्न तैयारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव उद्योग श्री अजिताभ शर्मा तथा शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति श्री रवि जैन ने अपने-अपने विभागों से जुड़ी तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राजधानी जयपुर सहित राज्य के सभी जिलों में प्रमुख स्थानों पर इससे संबंधित होर्डिंग्स एवं बैनर लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से सोशल मीडिया पर भी आयोजन का प्रमुखता से प्रचार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल की सजावट, अतिथियों की बैठक व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों के विषय में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन से जुड़ी छोटी से छोटी तैयारियों का एक विस्तृत रोड़ मैप तैयार कर उन्हें अन्तिम रूप दिया जाए। बैठक में बताया गया कि समिट के दौरान विकसित भारत-विकसित राजस्थान थीम पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्थान तथा समिट में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के अलग-अलग जोन होंगे। राजस्थान जोन में प्रदेश के प्रमुख उद्योगों, खनिजों, पर्यटन स्थलों तथा कला-संस्कृति के बारे में एलईडी स्क्रीन, 3-डी प्रजेंटेशन तथा विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। साथ ही, राजस्थान में नए क्षेत्रों में औद्योगिक सम्भावनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रदर्शनी में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के तहत जयपुर के सांगानेरी प्रिंट सहित अन्य जिलों के प्रमुख उत्पादों को दर्शाते हुए 3-डी तकनीक के माध्यम से राजस्थान के रमणीय एवं पर्यटन स्थलों के बारे में बताया जाएगा।


शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति रवि जैन ने मुख्यमंत्री को 9 और 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री शर्मा ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में राजस्थान की कला और संस्कृति की छाप नजर आए तथा स्थानीय लोक कलाकारों को इसमें विशेष प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक इन्द्रजीत सिंह, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी सौरभ स्वामी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नियोजित शहरों में से एक : दिया कुमारी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर शहर के 297वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि जयपुर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान करने के साथ ही यहाँ आधुनिक विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जयपुर के परकोटे में सौ करोड़ के विकास कार्य करवाये जा रहें हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को स्थापना दिवस के उपलक्ष में नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से स्टेचू सर्किल पर आयोजित दीपदान एवं रौशनी कार्यक्रम जयपुर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जयपुर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और नियोजित शहरों में से एक है। यह युनेस्को की विश्वधरोहर में शामिल है। यह एक ऐसा शहर है जिसकी स्थापना सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वारा 18 नवम्बर 1727 में पूर्ण वैज्ञानिक तरीके से तथा वास्तुशास्त्र के आधार पर की गई है। इस शानदार और अद्ध्भुत शहर का वास्तु नियोजन विद्याधर भट्टाचार्य ने किया। सवाई जयसिंह द्वितीय खगोलशास्त्र में निपुण थे। जयपुर में जंतर मंतर की स्थपना किया जाना इसका बेहतरीन उदाहरण है। जयपुर की स्थापना के 300 साल पूरे होने वाले हैं।

यहाँ की चौड़ी सड़कें जिन पर आज भी सुगमता से परिवहन होता है। यहाँ के ड्रेनेज़ सिस्टम, जो आज भी प्राभवी तरीके से काम कर रहा है। जयपुर का हवा महल, सिटी पैलेस, बाजार, चौराहे, मंदिर सभी शानदार और आधुनिक नगर नियोजन के बेहतरीन उदाहरण हैं। दुनिया भर से शोध करने वाले जयपुर के नगर नियोजन पर शोध करते हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। सब जयपुर के नगर नियोजन के देख अचंभित हो जाते हैं,



**जयपुर के 297वे स्थापना दिवस पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्टेचू सर्किल पर आयोजित दीपदान एवं रौशनी कार्यक्रम में भाग लियानगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से स्टेचू सर्किल पर आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर सौम्या गुर्जर मौजूद रहीं।**

अचरज में पड़ जाते हैं। जयपुर विश्व धरोहर है यह गर्व की बात है। जयपुर विश्व पर्यटन मानचित्र में विशेष स्थान रखता है यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज हम इस सुनियोजित शहर के बनने से संवरने के 297 वर्षों के सफर का उत्सव मना रहे हैं यह गर्व और खुशी की बात है। दिया कुमारी ने आयोजन की विधिवत शुरुआत नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के साथ दीप प्रज्जवलित करके की। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा ढोल, नंगाड़े, शहनाई वादन, कच्छी घोड़ी नृत्य सहित गायन और लोक नृत्यों कि शानदार प्रस्तुतियां दी।

# अल्बर्ट हॉल पर गूंजा ''हैप्पी बर्थ डे जयपुर''

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर के 297वें जन्मदिन पर सोमवार को हेरिटेज निगम की ओर से अल्बर्ट हॉल पर रंगारंग कार्यक्रम जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एंजॉय करते हुए जयपुर का बर्थ डे सेलिब्रेट किया। हैरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि

- कार्यक्रम में कालबेलिया नृत्य और थानू खा और शहरिया जनजाति का नृत्य की प्रस्तुति रही विशेष आकर्षण

गुलाबी नगरी के 297 साल पूरे होने पर पिछले एक माह से अनवरत जयपुर समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सोमवार को समारोह का समापन जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित कर किया गया। इस दौरान राजस्थानी लोक संस्कृति को साकार करते हुए 150 से ज्यादा राजस्थानी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर शहरवासियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा, विधायक प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवाड़ा, ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या



**जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी गीतों की महफिल सजी जिसमें 150 कलाकारों ने प्रस्तुति देकर समां बांधा।**

गुर्जर, उप महापौर पुनीत कर्णावत सहित पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि जयपुर स्थापना के अवसर पर हैरिटेज निगम की ओर से आयोजित जयपुर लोकरंग उत्सव में राजस्थानी कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुति जिनमें चरी नृत्य, उमराव, शहरिया नृत्य, चंग धमाल, घूमर नृत्य, भवई डांस की प्रस्तुति दी गई।

# भारत-जापान के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान से बढ़ी आपसी समझ : वासुदेव देवनानी

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जापान यात्रा के दौरान सोमवार को टोक्यों में भारत के एम्बेसडर सी.बी. जार्ज से मुलाकात की। देवनानी ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय राजदूत जॉर्ज के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर संवाद किया। उनसे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा भी की। जापान के साथ सेमीकंडक्टर, तकनीक, ऑटोमोबाइल के साथ ही भविष्य की योजनाओं में पर्यटन पर भी निवेश और एक्सचेंज प्रोग्राम पर विचार- विमर्श किया। देवनानी को जार्ज ने राजदूत कार्यालय का अवलोकन कराया। देवनानी ने वहां अधिकारियों से परिचय किया। देवनानी ने जापान में प्रवासी भारतीयों द्वारा चलाये जा रहे उद्योग-धन्धों, लोगों की आर्थिक स्थिति, रोजगार सहित शिक्षा, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यटन और आध्यात्मिक बिन्दुओं पर चर्चा की।टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सोमवार को आयोजित राजस्थान और उत्तरप्रदेश के कैंसिलेशन दिवस समारोह में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत और जापान के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने आपसी समझ और दोस्ती को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## संक्षिप्त

### खिलाड़ियों ने पदक जीते

**तारानगर**, (निसं)। राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू कि खिलाड़ियों ने जीते 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चूरू वुशू संघ सचिव चिंकित शर्मा ने बताया कि 15 से 17 नवम्बर को गंगानगर में आयोजित हुई 18वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में चूरू के खिलाड़ियों ने टीम मैनेजर गजेंद्र सैनी के सानिध्य में अंशिका ने 36 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सुरभि ने 21 किलो व साहिल ने 60 किलो भार वर्ग में रजत पदक और हिमानी ने 39 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीते और चूरू टीम के बाकी खिलाड़ी तनवी, कार्तिक, रौनक, नवदीप, अरुण और मनिष ने भी शानदार प्रदर्शन किया। शर्मा ने बताया कि अंशिका आगामी 6 दिसम्बर को पंजाब में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

### टीकाकरण घर घर सर्वे अभियान शुरू

**रतनगढ़**,(निसं)। ब्लॉक में सोमवार को टीकाकरण के घर घर सर्वे अभियान शुरू किया गया। बीसीएमओ डॉ मनीष तिवारी ने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा के निर्देशानुसार रतनगढ ब्लॉक में गर्भवती महिला एवं बच्चों के टीकाकरण हेतु रतनगढ़ एवं राजलदेसर शहरी क्षेत्र में 18 नवम्बर से 22 नवम्बर तक घर घर सर्वे अभियान शुरू किया गया। बीसीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत एएनएम और आशा सहयोगिनी घर घर जाकर टीकाकरण से वंचित बच्चो की लाईन लिस्ट बनाकर 23 नवम्बर को विशेष अभियान के तहत टीकाकरण किया जाएगा। अभियान में रतनगढ़ शहर एवं राजलदेसर शहर की करीब एक लाख 21 हजार जनसंख्या के घरों का सर्वे किया जायेगा। इस सर्वे में कुल 111 कार्मिकों की 51 टीमें बनाई गई है। टीम में 18 सुपरवाइजर स्टाफ ब्लॉक स्तर से 5 पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को सर्वे का भौतिक सत्यापन बीसीएमओ डॉ. मनीष तिवाड़ी एवं टीम द्वारा किया गया।

### जरूरतमंदों को किए वस्त्र वितरित

**चूरू**, (का.सं.)। पीपुल यूनिटी संस्थान की ओर से संस्था अध्यक्ष व भाजपा नेता रघुनाथ खेमका ने जरूरतमंद व घुमंतू परिवारों के बच्चों को सोमवार को वस्त्र वितरित किये।

वस्त्र पाकर जरूरतमंद परिवारों के बच्चों व अभिभावकों ने संस्थान का हृदय से आभार व्यक्त कर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रघुनाथ खेमका ने कहा कि आमजन को अपनी कमाई के कुछ हिस्से को जरूरतमंदों की सेवा में लगाना चाहिए। जिससे उसकी आत्मा उसको आशीष देती है। इसी उद्देश्य से खेमका ने रविवार को शक्ति पैलेस के पास जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किए। आपको बता दें कि संस्था समय.समय पर सामाजिक सरोकारों में अपना योगदान देती आ रही है और भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहेगी।

इस अवसर पर इंजीनियर सुरेश शर्मा, विनोद सरावगी, प्रेम बगड़िया, सत्यवीर बेनीवाल, मुकेश शर्मा, प्रदीप सरोठिया, पार्षद प्रवीण शर्मा सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तीन सांडों गौशाला भिजवाया

**मंडावा**। नगर पालिका प्रशासन की ओर से सोमवार को बाजार में घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू किया। सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीन सांडों को पिंजरे में कैद करके पकड़ा। वहीं पकड़े गए सांडों को मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला में भिजवाया। वहीं मुख्य बाजार में सब्जी विक्रेताओं को भी पाबंद किया गया कि कोई भी गली-सड़ी सब्जियां आम रास्ते पर ना फेंके अगर कोई नहीं मानता है तो उसके खिलाफ नियम अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कस्बे के मुख्य बाजार में घूम रहे सांडों व निराश्रित पशुओं के कारण राहगीरों वह भ्रमण करने वाले सैलानियों को हो रही परेशानियों को लेकर समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद नगर पालिका प्रशासन की नींद टूटी और इनको पकड़ने का अभियान शुरू किया। सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया ने बताया कि इनको पकड़ने का अभियान निरंतर जारी रहेगा और पकड़े गए पशुओं को गौशाला में भिजवाया जाएगा।

# सी.आर.पी.एफ. में कार्यरत डिप्टी कमांडेंट का बीमारी से निधन

- पैतृक गांव डूमोली कलां में सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार, छत्तीसगढ़ में था तैनात

**खेतड़ी**,( निसं )। सिंघाना थाना क्षेत्र के डूमोली कलां गांव के सी आर पी एफ में कार्यरत डिप्टी कमांडेंट का बिमारी के कारण रविवार को निधन हो गया। उनके पैतृक गांव में सोमवार को सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया।

सीआरपीएफके सहायक कमांडेंट भागीरथ सिंह ने बताया कि झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र के डूमोली कलां निवासी बीनाराम कुमावत (42) पुत्र कन्हीराम कुमावत सीआरपीएफमें 211 वी बटालियन में डिप्टी कमांडेंट के पद परकार्यरत थे। वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ में पदस्थापित थे। दस दिन पहले अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर दिल्ली लाया गया, जहां उपचार के दौरान मैक्स अस्पताल में बीनाराम कुमावत का निधनहो गया। बीनाराम कुमावत ने वर्ष 2003 मे जालंधर से सीआरपीएफमें ज्वाइन किया था। इनकाविवाह भी नौकरी लगने के कुछ समय बाद बीएसएफ में कार्यरत डिप्टी कमांडेंट सरीता के साथ हुआ था जो



उनके पैतृक गांव में को सम्मान से अंतिम संस्कार किया ।

वर्तमान में दिल्ली में पदस्थापित है। बीनाराम एक बेटी यूविका दस साल की है, जो कक्षा चार में पढ़ाई करती है। डिप्टी कमांडेंट बीनाराम कुमावत का निधन होने की सूचना जब परिवार वालों को मिली तो घर में कोहराम सा मच गया तथा परिजनोंकारो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। जब उनकी पार्थिव देह गांव में पंहुची तो युवाओं की ओर से सिंघाना से गांव तक तिरंगा रैली निकाली गई।

सहायक कमांडेंट भागीरथ सिंह ने बताया कि डिप्टी कमांडेंट बीनाराम कुमावत बहुत ही होनहार और बहादुरजवानके रूप मेंकार्य करते थे। वह उच्च अधिकारियों की ओर से दिए जाने वाले टास्क को लगन व मेहनत के साथ पूरा करते थे।

उन्होंने नक्सली के खिलाफ चलाए जाने वाले आपरेशन से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उनके निधन होने से सीआरपीएफकोकाफी गहरा आघात लगा है।

इस दौरान दिल्ली से आई सी आर पीएफ की टुकड़ी की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर रामवीर गुर्जर, भूपेंद्र गुर्जर, रतिराम, राजेश कसाणा, मोहनलाल, रामधन कुमावत, हंसराम, दूलीचंद, रामनिवास कुमावत, शेर सिंह, हरिश शर्मा, एएसआई सुबेसिंह, एचसी झाबरमल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जरूरतमंदों की सेवा कर दी श्रद्धांजलि

**झुंझुनूं**। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ. अनिल महलावत के सौजन्य से स्वर्गीय खींवाराम की छठी पुण्य स्मृति पर ठााम बुडाना में मां सेवा संस्थान द्वारा संचालित एमआर होम आदर्श नगर ठााम पंचायत प्रतापपुर झुंझुनूं में रहने वाले मंदबुद्धि लोगों को व ममता की पाठशाला औद्योगिक क्षेत्र रीको, झुग्गी झोपड़ी लाल पहाड़ी के पास, रहने वाले 100 जरूरतमंद लोगों को भोजन के पेकेट एवं गर्म शॉल वितरण किए गए। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, प्रहलाद अठावाल, आलोक गौड़, अनुपम शर्मा, चंद्रमोहन अठावाल, लॉयन नरेंद्र व्यास, दीपक जालान, प्रमोद , प्रताप , योगेश ,डॉ. अनिल , डॉ. सुजाता , डॉ. अनुषा काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड मिनी जंबूरी 28 से, जेपी जानूं खेल मैदान में बसेगा नगर

- समन्वित प्रयासों से करें भव्य आयोजन - जिला कलेक्टर

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय स्काउट गाइड रैली एवं मिनी जंबूरी का आयोजन 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक स्काउट गाइड परिसर में आयोजित किया जाएगा। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि रैली के भव्य एवं कुशल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर रामावतार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों के विभाग अधिकारियों एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों एवं स्काउट गाइड सचिवों ने सहभागिता की।

रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं का




जिला कलेक्टर रामावतार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया ।

आयोजन किया जाएगा।

जिसमें कलर पार्टी, मार्च पास्ट, बैंड प्रदर्शन, झांकी प्रदर्शन, स्काउट गाइड गेट, लोक नृत्य, लोकगीत, प्रदर्शनी, स्किल ओ रामा फूड प्लाजा, एथेनिक शो, विचित्र वेशभूषा, शिविर कला, व्यायाम प्रदर्शन, केंप फायर जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही उपभोक्ता संसद का भी विशेष आयोजन इस अवसर पर किया जाएगा। जिला कलेक्टर मीना ने समस्त संबंधित विभागों के विभाग अध्यक्ष को आदेशित करते हुए कहा कि यह आयोजन भव्य एवं उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए।

इसके लिए समय पर कमेटी का गठन कर विभागों के दिए गए दायित्व का निर्वहन करें एवं भामाशाहों का सहयोग भी लेकर इस कार्य को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया सिंह एवं जिला प्रधान गजेन्द्र सिंह सुंडा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- राजगढ थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को पंजाब के लुधियाना से शहर से गिरफ्तार किया
- दस लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात व नगदी चोरी की घटना में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार

**सादुलपुर**, (निसं)। कस्बा राजगढ के वार्ड 14 लक्ष्मी शहर में हुई दस लाख रूपये के सोने चांदी व नगदी चोरी की घटना में स्थानीय पुलिस ने घटना के मात्र तीन दिनों खुलाशा करते हुए दो शातिर चोरों को पंजाब के लुधियाना शहर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ राजू पुत्र हंसराज सुनार उम्र 36 वर्ष निवासी कमेटी गेट पुरानी कुला पंथी रायकोट लुधियाना पंजाब हाल मेड की चक्की गली नम्बर 09 शिमलापुरी लुधियाना पंजाब तथा मणी उर्फ मनोज कुमार पुत्र संजीव कुमार सुथार ब्राह्मण उम्र 29 साल निवासी मजीठा रोड अमृतसर पंजाब हाल शिमलापुरी जिला लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरा तथा मोबाइल कॉल डिटेल को खंखाल कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू किए थे। तथा सीसीटीवी फुटेज निकालकर दोनों चोरों की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी कर चोरों की पहचान की। तथा तमाम सूचनाओं को संकलन कर आधुनिक तकनीकी के सहयोग से दोनों चोरों को लुधियाना शहर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने घटना के लगातार साइंटिफिक तरीके चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों चोरों के खिलाफ लुधियाना शहर में भी चोरी के अनेक मामले दर्ज है।

उन्होंने बताया कि चोरों से पूछताछ कर चोरी के समान को बरामद करने की कार्वाई की जा रही है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि इस संबंध में अनिल खरबास जाट उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 14 लक्ष्मी नगर ने 14 नवंबर 2024 को मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके बंद मकान में दिन दहाडे सुबह 9.30 बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया दर्ज मामले में बताया कि अज्ञात चोरों ने लगभग सात तोले से अधिक सोने के आभूषणों में सोने की एक चैन, एक मंगलसूत्र, कानों की बाली, अंगूठी चांदी का सिक्का, पीतल की मूर्ति तथा 750 रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर की थी।

कार्यवाही में महेन्द्र सिंह पूनियां एएसआई, संदीप कुमार कानि, कुलदीप कुमार कानि, सत्यवान कानि साईबर सेल ने कार्यवाही को अंजाम दिया तथाा कुलदीप कानि, सुरेश कुमार कानि व धर्मवीर हैड कानि साईबर सेल की विशेष भूमिका रही।

## भाजपा की संगठन पर्व 2024 कार्यशाला सम्पन्न

**तारानगर**, (निसं)। तारानगर के चौधरी धर्मशाला मेँ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की "संगठन पर्व 2024 कार्यशाला" सम्पन्न हुई।

बुचावास, सात्यूं-राजपुरा, ददरेवा और तारानगर शहर मंडल की संयुक्त कार्यशाला में मुख्य वक्ता अपूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने संबोधित करते हुए सक्रिय सदस्यता अभियान के बारे में बताया।

जांगिड ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसको और सशक्त और मजबूत करने के लिए पिछले दिनों हमने सदस्यता अभियान चलाया था जिसमें करोड़ों लोगों ने भाजपा परिवार में विश्वास करते हुए हिस्सा लिया था, पार्टी अब सक्रिय सदस्यता अभियान चला रही है जिसमें हम सभी को अधिकाधिक संख्या में जुड़कर पार्टी को सशक्त बनाना है। जांगिड़ ने आगे कहा कि पार्टी में प्रत्येक 6 साल में सदस्यता का नवीनीकरण करना होता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सभी ने अपना सदस्यता नवीकरणीय कर पार्टी की सक्रिय सदस्यता ली है जांगिड़ ने मंडल अध्यक्षों से सदस्यता अभियान की प्रगति रिपोर्ट भी ली।भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के इस महापर्व में भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान को हम सभी को सफल बनाना है। सात्यूं-राजपुरा मंडल प्रभारी संदीप काजला, शहर मंडल प्रभारी विमल पूनियां, ददरेवा मंडल प्रभारी सुरेंद्र स्वामी, बुचावास मंडल प्रभारी सुरेश मुद्गल ने सक्रिय सदस्यता अभियान को सभी मंडलों में अठाणी बनाने का आ ान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़ ने सक्रिय सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर रणजीतसिंह तंवर, विशाल शर्मा, जुगलसिंह शेखावत, जमरदीन तैली, मो.तैयब, अनूप खंडेलवाल, सूर्य प्रकाश ढाका, ईश्वर पांडिया, त्रिलोक रैगर, शिवकुमार शर्मा, बाबूलाल पटीर, समीर खान, भंवरलाल , परमेश्वर स्वामी, राजेश प्रजापत, मांगीलाल योगी, रामेश्वर थालोड, चुन्नीलाल सैनी, सलीम काजी, धोलू गौस्वामी, सुनील शर्मा, मोहन राहड, ज़ुल्फ़िकार हिसारिया, सतपाल सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा व पंजाब में पराली जलाने से झुंझुनूं में बढ़ा प्रदूषण

- एयर क्वालिटी इंडेक्स पहुंचा 421 पर, झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बुलाई बैठक, दिए निर्देश

**झुंझुनूं**,(निसं)। हरियाण और पंजाब में जलाई जा रही पराली से बढ़े प्रदूषण का झुंझुनूं की आबोहवा पर भी असर देखने को मिला हैं। झुंझुनूं में बढ़े प्रदूषण से झुंझुनूं हवा जहरीली हो गई हैं। झुंझुनूं में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 पार पहुंच गया।

झुंझुनूं में सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 421 दर्ज किया गया हैं। झुंझुनूं में बढ़े प्रदूषण से अस्थमा और बुजूर्गों की परेशानी बढ़ी हैं। बढते प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर एहतियात बरतने और एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए हैं। रामावतार मीणा ने नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार को निर्देश दिए कि नगर परिषद के कार्मिक कचरे को जलाए नहीं, बल्कि डिस्पोज करने पर जोर दें। वहीं झाड़ू इत्यादि लगाते वक्त कचरा उठाने पर फोकस रहे, ना की धूल उड़ाने पर। उन्होंने यथासंभव सफाई का कार्य रात्रि के समय करने के भी निर्देश दिए है। ताकि वातावरण में धूल के कणों से आमजन को परेशानी नहीं हो। उन्होंने राजकीय बीडीके जिला अस्पताल में श्वसन रोगों से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में पूर्व तैयारी के संबंध में भी विस्तार से पीएमओ डॉ. संदीप पचार से चर्चा की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियों समेत सभी लोगों से वाहनों के यथासंभव कम उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर मीणा ने कहा कि बुजूर्ग व बच्चे एवं श्वसन रोग से पीड़ित मरीज मास्क लगाकर ही बाहर निकलें। जिला कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी मखन लाल जांगिड़ को वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट की नियमित और सघनता से जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक कक्षाओं तक स्कूलों में अवकाश के संबंध में भी राज्य सरकार से मार्गदर्शन लेने के निर्देश सीडीईओ अनुसूया को दिए।

**पीएमओ ने जारी की एडवाइजरी, दिए ये निर्देश :** बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. संदीप पचार ने एडवाजरी जारी करते हुए कुछ दिशा निर्देश दिए है। जिसके अनुसार बाहर निकलते समय अच्छी गुणवत्ता वाले मास्क का उपयोग करें, सुबह और शाम के समय बाहर व्यायाम या अन्य गतिविधियां न करें, जब प्रदूषण का स्तर अधिक होता है, जब वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो, तो घर के अंदर रहें और खिड़कियां व दरवाजे बंद रखें, यदि संभव हो, तो घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें, अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें और ताजी सब्जियां व फल खाएं, गर्भवती महिलाओं एवं कम इम्यूनिटी वाले लोगों को बढ़ते विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर अस्थमा रोगियों के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है, प्रदूषित हवा में मौजूद धूल, धुआं और रसायन सांस की नली में जलन और अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकते हैं। ऐसे में अस्थमा रोगियों को विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता होती है, डॉक्टर द्वारा सुझाए गए इनहेलर और दवाएं हमेशा अपने पास रखें, यदि सांस लेने में परेशानी हो या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हों, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें, वाहन का उपयोग यथासंभव कम करें, घरेलू कचरे को जलाने की बजाय कूड़ेदान में डिस्पोज करें, भवन निर्माण के कार्य स्थल के आसपास पानी का छिड़काव करते रहें, ताकि धूल के कण वातावरण में नहीं फैलें, आंखों में जलन अथवा सांस लेने में तकलीफ़ होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल अथवा चिकित्सक से संपर्क करें।

## तमिलनाडू की छात्राएं पहुंची डीजीएस

**बलवंतपुरा**। तमिलनाडू की छात्राओं का एक दल शनिवार को डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलंवतपुरा में छात्रा विनिमय कार्यक्रम के तहत पहुंचा। यह कार्यक्रम छात्राओं को विभिन्न संस्कृतियों और शिक्षा प्रणालियों को जानने का अवसर प्रदान करता है। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि अक्षरा विद्या मंदिर, त्रिचि, तमिलनाडू की छात्राएं डीजीएस में पढ़ाई का अनुभव व टेक्निक्स की जानकारी प्राप्त करेंगी तथा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों का भ्रमण करेंगी। कार्यक्रमानुसार छात्राओं ने शनिवार को स्कूल में कक्षाएं ली तथा 17 नवंबर रविवार को दल ने ताल छापर अभ्यारण्य व सालासर बालाजी का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को वैश्विक नागरिक बनाने के साथ उन्हें विभिन्न क्षेत्र की संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना है। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने कहा, हमें तमिलनाडू की छात्राओं को अपने विद्यालय में देखकर खुशी हुई है। इस कार्यक्रम से दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा तथा छात्राओं को देश की विभिन्न संस्कृतियों के बारे में नजदीक से जानने का मौका मिलेगा है।

## सार-समाचार

### सम्मान समारोह आयोजित



**तारानगर**, (निसं)। तारानगर के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के मुख्यातिथ्य मेँ तारानगर के अखिल भारतीय रेगर महासभा का प्रतिभा एवं नागरिक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया जिसमें समाज के 54 बच्चों को सम्मानित सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया तथा समाज में व्याप्त बुराइयां जैसे दहेज प्रथा मृत्यु भोज फिजूल खर्ची आदि बुराइयों को छोड़कर समय के साथ चलकर एक नए भारत के निर्माण के योगदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि जांगिड़ ने कहा कि रेगर समाज बीते कुछ दशकों से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है आज इस समाज के बच्चे इंजीनियर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक बन रहे हैं, जिन बच्चों का सम्मान किया गया है वह आगे चलकर देश के कर्णधार बनेंगे ।इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र बाकोलिया, हजारीमल बाकोलिया, देवीदत्त गढ़वाल, संजय गहनोलिया, सेडूराम बाकोलिया, पुरुषोत्तम गहनोलिया, आरता कुमार, डॉक्टर सुभाष, श्रवण गहनोलिया, नंदलाल सबलानिया, अमरसिंह, राजकुमार सबलानिया, घनश्याम अलवरिया, मूलचंद, गंगाराम जगरवाल, दूनीचंद, छोटूराम सहित समाज के काफी लोग उपस्थित रहे। सुरदर्शन सबलानिया ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### प्रभुजनों को भोजन कराया




**सीकर**। लायंस क्लब सीकर डायमंड व लियो क्लब सीकर ने रानी सती मंदिर के बाहर "प्रभुजनों को भोजन" सेवा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पुनीत सेवा कार्य में जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। लायंस क्लब डायमंड अध्यक्ष लायन सज्जन अठावाल ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है,जो यह दर्शाता है कि जब सभी क्लब मिलकर सेवा कार्यों में जुटते हैं, तो हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। लियो क्लब अध्यक्ष लियो सुमित गौड़ ने बताया श्यामपुरा बालाजी इवेंट से लियो दीपांशु मित्तल द्वारा कार्यक्रम की पूरी देखरेख की गई। इसमें आसपास की कच्ची बस्तियों में रहने वाले सभी परिवारों को सम्मान पूर्वक पंक्तिबद्ध बैठाकर पूरी,सब्जी,मिर्ची,मिठाई आदि भोजन खिलाया गया। क्लब सचिव लायन पल्लवी जैन ने बताया कि यह नेक कार्य लायन अखिलेश कौशिक व लियो सदस्य के आर्थिक सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक लायन किरण खेतान व लियो जितेंद्र खेतान रहे।क्लब भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और सेवा कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।इस कार्यक्रम में जोन चेयर पर्सन लायन डॉक्टर प्रीति जैन,लायन एन.डी. मिश्रा,लायन मनोज अठावाल,लायन सरोज अठावाल,लायन डॉक्टर प्रदीप जैन,लियो शेखर अठावाल,लायन पूनम शर्मा,लायन मेघा अठावाल,लियो दीपांशु मित्तल,लियो रोहन अठावाल,लियो रितिका गोयल,लियो दीपेश गुप्ता, लियो रिया लाटा व लायन कमल किशोर अठावाल,लायन मोहनीश चुग, राजकुमार जालान आदि सदस्य मौजूद रहे।

### दयानंद महला का सम्मान

**चूरू**,(का.सं.)। शहीद नायब सूबेदार प्रभु सिंह राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय रामपुरा बास चूरू के विद्यार्थी दयानंद महला को धौलपुर में आयोजित होने वाली संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आज विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी ने की तथा कुंभ सिंह राठौर, अमर सिंह राठौड़, नंदलाल शर्मा, बजरंग दास स्वामी तथा दयानंद के पिता भंवरलाल महला बतौर अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार और गांव के गणमान्य नागरिकों के बीच में विद्यार्थी दयानंद महला का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की तरफ से दयानंद को इनाम स्वरूप एक चांदी का सिक्का तथा एक ड्रेस भेंट की गई। विद्यार्थी दयानंद के पिता भंवर लाल महला ने विद्यार्थी की सफलता का श्रेय विद्यालय को देते हुए विद्यालय को 2100 रुपए भेंट किए। विद्यार्थी को टूर्नामेंट के लिए लेकर जाने वाले दल प्रभारी रजनीकांत का भी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापिका तथा कुंभ सिंह राठौड़ सम्मान समारोह के वक्ता रहे। समारोह का संचालन अध्यापक सुरेश कुमार सुंडा ने किया। इसके बाद विनर छात्र दयानंद महला को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ रामपुरा गांव में भ्रमण करवाया गया।

### जागरूकता शिविर लगाया

**सादुलपुर**,(निसं)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति, राजगढ के अध्यक्ष दीपक पाराशर के सानिध्य में महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के सम्बध में राजगढ न्यायालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को दोपहर 01 बजे मिली जानकारी के अनुसार विधिक जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता प्रीतम शर्मा ने महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक किया। साथ ही लैंगिक उत्पीडन की शिकायत के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान महिलाओ के लिए बने कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नालसा हेल्पलाईन नं.15100 के बारे में बताया। इसी क्रम में लगे विधिक शिविर में बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और समाज की कुरूतियों को समाप्त करने का आ ान किया गया। शिविर मे प्रहलाद शर्मा, अधिवक्तागण तेजपाल पूनियां, विजय मितड आदि सदस्य उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया

**रतनगढ़**,(निसं)। स्थानीय श्री कृष्ण गौ सेवा पिंजरापोल समिति में विश्व हिंदू परिषद द्वारा गोपाष्टमी महोत्सव व गौ सेवक समान समारोह आयोजित किया गया। संत श्री सीताराम महाराज बद्रीनाथ धाम के सानिध्य में भारत विकास परिषद, शाखा -रतनगढ़ को गौ सेवा व समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवा कार्य करने पर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद्-शाखा रतनगढ़ की सेवाभावी टीम के संरक्षक मदनलाल कम्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान,अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर, सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय, कोषाध्यक्ष शैलेश शर्मा, विनोद प्रजापति, राकेश नायक, नरोत्तम सोनी आदि मौजूद थे।

### कार्यरत कार्मिक अपने मतपत्र पहुंचाएं

**झुंझुनूं**, ( निसं ) । झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव में मतगणना से पहले सैन्य बलों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होंने अपने ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) मतपत्र निर्वाचन अधिकारी को अब तक नहीं भेजें हैं, वे अपने मतपत्र अविलंब पहुंचाएं। यह अपील जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने की है। बताया कि मतगणना दिवस 23 नवंबर को सुबह 8 बजे तक झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त होने पर ही वे मतपत्र मतगणना में शामिल हो सकेंगे। गौरतलब है कि जिले में कुल 3310 ऐसे मतदाता हैं, जो सैन्य बलों में कार्यरत हैं। इनमें से 3016 कार्मिकों ने ईटीपीबीएस मतपत्र डाऊनलोड किए हैं। अब तक 327 कार्मिकों के ईटीपीबीएस मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं।

## सार-समाचार

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**चूरू,(का.सं.)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 21वीं सदी के कौशल एवं शिल्प कौशल पर आधारित दो दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने की। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि 21वीं सदी के कौशल जैसे. समस्या, समाधान, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और डिजिटल साक्षरता आज के शिक्षण तंत्र का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आपके द्वारा विद्यार्थियों में इन कौशलों का विकास ही उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। यह प्रशिक्षण केवल शिक्षण का हिस्सा नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रयास है जो हमारे छात्रों को आत्मनिर्भर और सफल नागरिक बनाने में मदद करेगा। प्रभाग अध्यक्ष उमा सारस्वत ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 21वीं सदी के कौशल और शिल्प कौशल आज के युग में जीवन के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने बताया कि इन कौशलों के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और करियर के विविध विकल्पों को समझने में सहायता मिलेगी।इस मौके पर दक्ष प्रशिक्षक उप प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा ने कौशलों के रोजगार परक दृष्टिकोण और व्यवस्थित जीवन शैली के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन कौशलों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। बल्कि एक संतुलित जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त होता है। उप प्राचार्य संदीप महरौलिया ने कौशल विकास की आवश्यकता और इसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। सचिन डंडा ने राष्ट्रीय शिक्षा सर्वेक्षण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कुसुम शेखावत, नरेंद्र उपाध्याय और पीयूष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जाट समाज ने निकाली विरोध रैली

**नवलगढ़ ।** जोधपुर में 27 अक्टूबर को हुए अनिता चौधरी हत्याकांड का खुलासा नहीं होने पर जाट समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी आक्रोश को चलते नवलगढ़ में सोमवार को किसान छात्रावास परिसर में युवा जाट समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पुलिस व प्रशासन के सुस्त रवैये की निंदा की गई। इसके बाद किसान छात्रावास से उपखंड कार्यालय तक निकाली गई विरोध रैली में नेमीचंद मिठारवाल फौजी, छात्र नेता आशीष पचार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल पूनियां, अजय राड़, मुकेश रणवां, मंजीत सुंडा, जयप्रकाश झाझड़िया, पार्षद हितेश थोरी, प्रेम कटेवा, सुनील महला, विक्रम मूंड, सुखवीर मांठ, अमित जयसिंहपुरा, अमरसिंह मील, मनमोहन सिंह, सुरेश कुमार सहित जाट समाज के सैंकड़ों युवा शामिल हुए। उपखंड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम जयसिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन द्वारा राजनैतिक दबाव में पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को छुपाने व जबरदस्ती परिजनों की सहमति के बिना अनिता चौधरी के शव का पोस्टमार्टम कराने का अरोप लगाया गया है। साथ ही ज्ञापन द्वारा हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने, मामले में तयैब अंसारी की भूमिका स्पष्ट करने मामले का शीघ्र खुलासा करने और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई है। मामले का शीघ्र खुलासा नहीं होने की स्थिति में प्रदेशभर में उठा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई।

### मेडिकल शिविर का हुआ आयोजन

**सीकर ।** एडीपीसी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि सोमवार को सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी लाभान्वित हुए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार शिविर में विशेष आवश्यकता वाले छात्र- छात्राओ के लिए दो दिवसीय मेडिकल असेस्मेन्ट शिविर का आयोजन श्री हरदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि शिविर में चिकित्सा, रोडवेज, शिक्षा विभाग एवं एलिम्को की अलग-अलग स्टॉल लगाकर विद्यार्थीयो को लाभान्वित किया गया। शिविर का अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक राकेश कुमार लाटा ने अवलोकन कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावको से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्देश दिये।उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस में धोद से 30, पिपराली से 22, अजीतगढ से 21, पलसाना से 23, दांतारामगढ से 19, श्रीमाधोपुर से 11 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।शिविर प्रभारी राजेश पारीक, विनोद कुमार बाटड़ ने सभी आवश्यक व्यवस्था एवं मंगलवार को आयोजित होने वाले शिविर की तैयारी को अन्तिम रूप दिया। शिविर में श्री कल्याण राजकीय अस्पताल सीकर से डॉ. चरण सिंह ,डॉ विक्रम सिंह , डॉ. पृथ्वीराज , डॉ. सुनील घायल, विकास कुमार , वरूण माथुर विनोद , रजंनी एवं रोडवेज विभाग से नवीन जाखड आदि ने अपनी सेवाएँ दी।शिविर के सफल संचालन में श्री हरदयाल स्कूल के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार खीचड़, सदर्भ व्यक्ति भगत सिंह, बनवारी लाल नेहरा, सुरेश भास्कर, अमीचन्द जागीड़, उत्तम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार फगेडिया, रघुवीर स्वामी, शिवपाल कुड़ी, नरपत सिंह, कृष्ण कुमार, रामावतार महरडा, भंवरलाल, राजूराम, आशा कुमारी जाट, राधा, आशा तंवर, आरती ने सहयोग प्रदान किया एवं मंगलवार को नीमकाथाना, पाटन, लक्ष्मणगढ, फतेहपुर, नेछवा एवं खण्डेला ब्लॉक के विद्यार्थी लाभन्वित होगें।

### मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन

**मंडावा ।** आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन की ओर से टोंक जिले के अलीगढ़ गांव में दो पत्रकारों पर हुए हमले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग एवं तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोमवार को एसडीएम मुनेश कुमारी को सौंपा। पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत, सूर्य प्रकाश लाहोरा, प्रभुदयाल शर्मा की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया कि पीटीआई के राजस्थान प्रभारी अजीत सिंह शेखावत व उनके कैमरामैन धर्मेंद्र पर जानलेवा हमला किया गया। इस सुनियोजित ढंग से किए गए हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई और उनके कैमरे और माइक तोड़ दिए गए। इस निंदनीय जानलेवा हमले को लेकर पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से तत्काल प्रभाव से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई। पत्रकारों ने बताया कि राजस्थान में लगातार पत्रकारो पर हमले हो रहे व इसको रोकने के लिए एक मात्र उपाय पत्रकार सुरक्षा कानून हैं।

### एकता मिशन की बैठक हुई

**झुंझुनूं ।**भीम आर्मी भारत एकता मिशन गठन हुआ। चिंचड़ौली रोड अंबेडकर प्रतिमा इस्लामपुर के पास ठामीण मंडल अध्यक्ष मुनींद्र गर्वा अध्यक्षता में बैठक हुई भीम आर्मी जिला सचिव रविंद्र गर्वा उप सरपंच, आजाद समाज पार्टी उपाध्यक्ष जयप्रकाश गर्वा ने भीम आर्मी के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि भीम आर्मी हर तहसील, गांव, ढाणी तक पहुंचकर देश के हित में काम करते हुए बहुजन समाज को साथ लेकर बहुजन समाज अन्याय, अत्याचार रोकने का काम करेगी। भीम आर्मी जिला सचिव रविंद्र गर्वा नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

# सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित मामलें को शीघ्र निबटाए : रतन कुमार

**सीकर ,(निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय,सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित।

- जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने पीडब्ल्यूडी को सड़कों के पेचवर्क कार्यपूर्ण करवाने, कृषि विभाग को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता रखने के बारे में निर्देशित किया। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण के कार्य में तेजी लाकर प्रभावी मॉनिटरिंग करने, बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्यमंत्री बजट घोषणा में भू-आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के साथ ही भू-आवंटन की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने सभी अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने के संबंध में निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर कृषि कनेक्शन जारी करने, जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन देने, जिले के मुख्य सड़क मार्गों के ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने, अवैध माइनिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के संबंध में आवश्यक हिदायत दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने नगरीय निकायों, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित लंबित चल रहे लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने के निर्देश दिए।

## आरपी प्रशिक्षण शुरू

**झुंझुनूं ।** डाइट में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के तहत जिला स्तरीय चार दिवसीय ग़ैर आवासीय प्रक्षिशण का उद्घाटन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुईया सिंह थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ एलिमेंट्री एवं प्रिंसिपल डाइट मनोज कुमार ढाका ने की। विशिष्ट अतिथि एडीईओ एलिमेंट्री प्रमोद आबूसरिया, एडीईओ सैकंडरी उम्मेद सिंह महला, एपीसी समसा कमलेश कुमार तेतरवाल एवं डाइट उप प्राचार्य सुशीला महला थी। उप प्रधानाचार्य डाइट सुशीला महला ने स्वागत उद्बोधन में प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुईया ने प्रशिक्षण में नियमित व समयबद्ध उपस्थित रहने के निर्देश दिए। डाइट प्रिंसिपल मनोज कुमार ढाका ने प्रशिक्षण की उपयोगिता व गम्भीरता के बारे में बताया। एपीसी कमलेश तेतरवाल ने प्रशिक्षण के मुख्य बिंदू जिम्मेदार नागरिकता, पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना, सोशियल मीडिया की उपयोगिता व खतरा, योग व्यायाम, आहार नियंत्रण पर प्रकाश डालते हुए स्वयं से शुरुआत का आव्हान किया।

## ट्रेप होते बचा अजमेर डिस्कॉम का इंजीनियर मनीष मान

**झुंझुनूं।** घरेलू कनेक्शन जारी करने की एवज में 60 हजार रुपए की मांग करने पर जेईएन के खिलाफ झुंझुनूं एसीबी में मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के एएसपी इस्माइल खान ने बताया कि 26 जून 2024 को परिवादी ने एसीबी कार्यालय झुंझुनूं आकर परिवाद दिया कि उसने घरेलू कनेक्शन के लिए एईएन कार्यालय बगड़ में आवदेन किया था।

जेईएन मनीष मान ने एस्टीमेट तैयार करके परिवादी को दिया। एस्टीमेट को लेकर परिवादी कार्यालय में गया तो उसे बताया कि इस एस्टीमेट के आधार पर घरेलू कनेक्शन नहीं हो सकता। उसके बाद परिवादी ने दोबारा जेईएन मनीष मान से सम्पर्क किया तो उसने एस्टीमेट बदलकर कनेक्शन जारी करने के एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इसकी परिवादी ने एसीबी में शिकायत दी। एसीबी ने कॉन्स्टेबल कुमार सानू को परिवादी के साथ भेजकर सत्यापन कराया तो जईएन ने 40 हजार रुपए में सौदा तय किया। रिश्वत की मांग

- घरेलु कनेक्शन के नाम पर मांगी रिश्वत, बख्तावरपुरा जेईएन था तब मांगी रिश्वत, अब प्रमोशन होने के बाद एईएन बन गया

का मामला पाए जाने पर एसीबी ने जेईएन के विरूद्ध मामला दर्ज किया। मामले की जांच सीकर एसीबी डीएसपी करेंगे। आपको बता दें कि इस मामले में एसीबी ने जेईएन मनीष को ट्रेप करने का जाल बिछा लिया था। लेकिन ट्रेप की कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि जिस समय सत्यापन करवाया गया। उसके बाद परिवादी के चाचा का एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट होने के बाद परिवादी अपने चाचा के साथ अस्पताल में व्यस्त हो गया था।

## गोविंदराम बासोतिया के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे

**झुंझुनूं।** समाजसेवी और नवलगढ़ प्रवासी गोविंदराम बासोतिया के जन्मदिन को जिले में बुधवार 20 नवंबर को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर सीकर समेत झुंझुनूं के नवलगढ़, डूंडलोद, चिड़ावा और झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर गायों और जरूरतमंदों की सेवा के कार्यक्रम होंगे। झुंझुनूं जिला मुख्यालय की बगड़ रोड पर स्थित नंदीशाला में दोपहर 11 बजे गोविंदराम बासोतिया चेरिटेबल ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से नंदियों के लिए हरा चारा, हरी सब्जी, रसीले फल व गुड़ का महाभोग लगाने का कार्यक्रम होगा। जिसमें गौड़ ब्राह्मण महासभा सहयोगी की भूमिका निभाएगा। इसके बाद गौड़ ब्राह्मण महासभा के सहयोग से ही ट्रस्ट द्वारा चूणा चौक पार्क में दोपहर 12 बजे कंबल वितरण का कार्यक्रम होगा। झुंझुनूं शहर में सर्दी के शुरूआत होने के साथ यह पहला कंबल वितरण कार्यक्रम होगा। जिसका श्रेय गोविंदराम बासोतिया चेरिटेबल ट्रस्ट को जाएगा।

# जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**पाटन।** जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार नीमकाथाना में किया गया । समीक्षा बैठक में पेयजल, बिजली, चिकित्सा सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई ।

बैठक में कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए की अपने- अपने विभाग की योजनाओं की सूची तैयार करने के साथ ही रिपोर्ट अपडेट करें, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 12 से 15 दिसम्बर तक होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, तथा सभी विभागों को लोकार्पण व शिलान्यास की सूचना तैयार करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग पीएम सूर्य घर योजना के तहत दिए जाने वाले सोलर कनेक्शनों के कार्य में अधिक से अधिक सौलर वेन्डरों से बात कर अपेक्षित प्रगति लाने के साथ परिवादी विनोद कुमार मुण्डरु के प्रकरण में

- पेयजल, बिजली, चिकित्सा सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई

नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जलदाय विभाग को आगवाडी में गंदे पानी की नाली के अन्दर से जा रही पीने के पानी की लाईन के प्रस्ताव तैयार कर जल्द से जल्द शिफ्ट करने तथा जर्जर पानी की टंकियों के मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी को सडकों के अधुरे पडे कामों को जल्द पूर्ण करने, पेचवर्क कार्य पूर्ण करवाने के साथ ही सडकों के किनारे पेडों की टहनियों को हटवाने तथा खेतडी मोड चौराहे से खेतडी की तरफ बनने वाली रोड पर पेड हटाने के लिए वन विभाग व पीडब्ल्यूडी को संयुक्त रुप से रिपोर्ट करने, पेंशन के बकाया प्रकरण जिन का आधार वेरिफिकेशन नहीं हुआ है,वेरिफिकेशन करवा कर प्रकरणों का निस्तारण जल्द करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख ने विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल की शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने व ई-फाइल निस्तारण के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी ई-फाइल ज्यादा समय तक लंबित नहीं रहे साथ ही समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। सीएमओ के 180 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निस्तारण व संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के साथ लाईट्स पोर्टल पर न्यायिक प्रकरणों की स्थिति को अपडेट करने एवं जवाबदावा समय पर प्रस्तुत करने एवं अवमानना प्रकरणों एवं पालना से संबंधित प्रकरणों में कार्यवाही कर अपडेट करने के निर्देश दिए।

# पत्रकारों पर हुए हमले का विरोध

**सीकर।** टोंक जिले के देवली-उनियारा में पिछले दिनों हुए उपचुनाव के दौरान थप्पड़ कांड मामले की मीडिया कवरेज कर रहे दो पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में सोमवार को सीकर प्रेस क्लब के बैनर तले पत्रकारों की ओर से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं सूचना

- सीकर प्रेस क्लब के बैनर तले जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा मांगों का ज्ञापन
- पत्रकारों पर हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, घायल पत्रकारों को मुआवजा एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की रखी मांग

एवं जनसंपर्क मंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।



पत्रकारों की ओर से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि देवली-उनियारा में उपचुनाव के दौरान मीडिया कवरेज कर रहे पत्रकार अजीतसिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेंद्र कुमार पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया और उनके कैमरे तोड़ दिए गए। इस घटना से सीकर प्रेस क्लब के पत्रकारों सहित संपूर्ण जिले के पत्रकारों में काफी आक्रोश है। देश में पिछले कई वर्षों से लगातार पत्रकारों के साथ ऐसी घटनाएं सामने आ रही है जो बड़ी चिंता का विषय है। देश के संविधान में चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया पर आज लगातार हमले हो रहे हैं । जिससे पत्रकार आज अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वह आज निष्पक्ष रूप से अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर पा रहे हैं और उनमें भय का माहौल बना हुआ है। इसी तरह की घटना एक बार फिर देवली-उनियारा के उपचुनाव के दौरान सामने आई है। जहां पर कवरेज कर रहे दो पत्रकारों पर उपद्रवियों के जनसमूह ने जानलेवा हमला कर उनके कमरे तोड़े दिए। इसलिए सीकर प्रेस क्लब इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है। इसके साथ ही मांग करती है कि मामले के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि मीडिया पर हो रहे हमलों पर अंकुश लगाया जा सके। घटना में घायल हुए पत्रकारों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिया जाए। वहीं पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए सरकार जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें जिससे पत्रकार अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हुए निर्भीकता पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन कर सके।

इस दौरान सीकर प्रेस क्लब के अध्यक्ष हुल्लास तिवाड़ी, मंत्री डॉ. कार्तिकेय शर्मा, कोषाध्यक्ष सच्चानन्द थदानी, सोहनलाल पारमुवाल, राजेंद्र गहलोत, जगदेव सिंह पंवार, सुशील जोशी, फूल सिंह निर्वाण, शंकर सेन, लक्ष्मीकांत जोशी, प्रेम सैनी, जितेंद्र माथुर, जावेद चौहान, डीपी माथुर, ज्ञानसिंह रामपुरा, संतोष सिंह चौहान, पवन सोनी, मोहमद रहीश, रफीक बहलीम, सूरज कुमार, साधना सेठी, नवीन, केके शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, विजय सिंह शेखावत, संदीप माथुर, कृष्ण कुमार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## 'लेखा नियमों का हो समुचित पालन

**चूरू, (का.सं.)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि अधिकारी अपने विभागीय कार्यों में लेखा नियमों का समुचित पालन करें तथा विभागों में लंबित आक्षेपों को दुरुस्त करें। लेखा कार्मिक आक्षेपों में समुचित जांच व कार्यवाही करते हुए निस्तारित करें। आक्षेपों में समुचित जांच रिपोर्ट तैयार करें तथा स्पष्टता के साथ ऑडिट पैरा को ड्रॉप करवाएं। प्रयास करें कि नए पैरा नहीं बनें। इसी के साथ पुराने पैरा में रिपोर्ट भेजते हुए जवाब भेजें।

उन्होंने कहा कि विभागीय गतिविधियों में अनियमितताओं से बचें। लेखा नियमों एवं प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाकर पैरा को ड्रॉप करें। विभिन्न प्रकरणों में संबंधित के खिलाफ समुचित विभागीय कार्रवाई करें। लंबित प्रकरणों को प्रायरिटी से निस्तारित करें। इसी के साथ विभागों में फंड के उपयोग के दौरान नियमों की समुचित पालन हो। इसके लिए विजिलेंट रहे तथा अधिकारी नियमों की समुचित जानकारी रखें।जिला कलक्टर सुराणा ने बैठक के दौरान जिले में विभागवार सामान्य आक्षेपों, बकाया प्रारूप प्रलेखों, गबन प्रकरणों, स्थानीय नीति

- जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए निर्देश

अंकेक्षण, बकाया प्रथम अनुपालना, बकाया अंकेक्षण शुल्क, बकाया लेखा प्रमाणीकरण शुल्क, विस्तृत एवं विशेष जांच सहित बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कृषि उपज मंडी से अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रहने पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक के सदस्य सचिव व स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक पवन कस्वां ने बैठक का संचालन करते हुए सभी अधिकारियों को लंबित आक्षेपों के बारे में समुचित दिशा. निर्देश दिए तथा विभागीय कार्यवाही व प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, एपीआरओ मनीष कुमार, लेखाधिकारी चैनाराम बेनीवाल, लेखाधिकारी गुगनराम सहित विकास अधिकारीए नगर निकाय अधिकारी व संबंधित विभागों के लेखा कार्मिक मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने से परेशानी

**खेतड़ी ,(निसं) ।** खेतड़ी कस्बे में सड़क का निर्माण कार्य अधर में छोड़ देने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग की है।

एसडीएम बंशीधर योगी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि स्टेट हाईवे नंबर13 खेतड़ी- नीमकाथाना सड़क मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए लेवलिंग के लिए ठेकेदार कंपनी ने नगर पालिका क्षेत्र में कई स्थानों पर प्रमुख रास्तों के सामने खुदाई कर दी, जिससे सड़क का लेवल नीचा हो गया है। राजकीय अजीत उप अस्पताल के सामने अस्पताल में जाने वाली सड़क व मुख्य बाजार में जाने वाली सड़क की भी खुदाई करने से ऊंचाई लगभग चार फिट हो गई है। सड़क निर्माण करने वाली कंपनी ने अपने निर्माण कार्य का इस स्थान पर लगभग कार्य पूर्ण कर दिया है। परंतु दोनों और खुदाई कर इन्हें लेबलिंग करना भूल गए। इसी को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों ने अजीत हॉस्पिटल के सामने स्वागत द्वार के पास प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों ने बताया की तीन-चार माह पहले अस्पताल के सामने सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई थी, जिसे मुख्य बाजार द्वारा जाने वाली सड़क की ऊंचाई लगभग चार फिट हो गई। इससे मुख्य बाजार में जाने वाले भारी वाहन लगभग सभी बंद हो गए, यहां तक की स्कूल बसें भी बंद हो गई है अभिभावकों को अजीत अस्पताल के पास ही लाकर बच्चों को स्कूल बस में बैठाना पड़ता है। सड़क की ऊंचाई अधिक होने के कारण हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्टेट हाईवे पर प्रतिदिन सैकड़ो भारी वाहन व बसें गुजरती है। ठेकेदार कंपनी ने सड़क का निर्माण कार्य अस्पताल के पास पूर्ण कर दिया है।

# साहित्यकार पं. मधुकर गौड़ की स्मृति में सम्मान समारोह आयोजित

**चूरू, (का.सं.)।** शहर के नगर-श्री संस्थान में रविवार अपराह्न पंडित मधुकर गौड़ सार्थक साहित्य संस्थान सम्मान 2024 का आयोजन हुआ। जिसमें डेह-नागौर के साहित्यकार पवन पहाड़िया को राजस्थानी भाषा साहित्यकार सम्मान प्रदान किया गया। साहित्यकार पं. मधुकर गौड़ की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकानेर के प्रख्यात साहित्यकार और राजस्थानी भाषा और संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि ने की, जबकि मुख्य अतिथि लाडनूं के गजादान चारण रहे। मंचस्थ अतिथियों ने सरस्वती पूजन और पंडित मधुकर गौड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इंदिरा सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

संचालन करते हुए राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर ने सार्थक साहित्य संस्थान



पवन पहाड़िया को राजस्थानी भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया।

तथा सम्मानित साहित्यकार का जीवन परिचय दिया। कविता शर्मा ने मधुकर गौड़ की साहित्य यात्रा और संस्मरणों की विस्तृत चर्चा की। उपस्थित श्रोतागण ने मधुकर गौड़ की आवाज में रिकॉर्ड की हुई रचनाओं का आनंद लिया। पवन पहाड़िया ने सम्मान के प्रत्युत्तर में कहा कि मधुकर गौड़ ने मुम्बई में रहकर हिन्दी-राजस्थानी की सेवा की है वह वरेण्य है। उन्होंने पद्य के माध्यम से कहा, 'गीत नवांतर गांवता, गयाज मधुकर गौड़। कुण भर ले हकनाक कर, हामळ अण री होड़। मरुधारा मन मोवती, काढ़ी कर कर कोड। चंदा बिना चलावणी, छाप गया आ छोड। उन्होंने इस बात का विशेष उल0ेख किया की मधुकर गौड़ ने मरुधारा का संपादन बिना किसी से आर्थिक सहयोग लिए निर्विघ्न 9 वर्षों, अपने अंतिम समय तक किया।

मुख्य अतिथि डॉ. गजादान चारण ने अपने उद्बोधन में पंडित मधुकर को याद करते हुए कहा कि वह भारत के ख्यातनाम साहित्यकार थे। उनकी स्मृति में परिवार की ओर से इस तरह का आयोजन करना सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा की मधुकर गौड़ और पवन पहाड़िया काव्य में छंद की महत्ता को मानने वाले एक ही धारा के व्यक्तित्व हैं। चारण ने छंद की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि काव्य में अनुशासन, नियम, और मर्यादा ही छंद है, छंद अमृत्व देता है। राजस्थानी लोकोक्ति, मुहावरे, कहावतें सभी छंदों से बंधे हुए हैं। छंद रिदम को मेन्टेन करता है, लय को निखारता है।

## बॉलीवुड में बिहारी लाल के गाने गूंजेगे

**खिरोड़।** अब बॉलीवुड में गूंजेंगे छोटे से स्थान पुरोहितों की ढाणी के रहने वाले बिहारी लाल के गाने। बधाई हो, न्यूटन, पॉइंट ऑफ़ व्यू, स्प्लिटस्वीलला जैसी फिल्मों व सीरिज के कास्टिंग डायरेक्टर व प्रॉड्यूसर "हैरी ठाकुर" अपने नए प्रोजेक्ट के लिए आशीर्वाद लेने के लिए खाटू श्याम आए। वहां उन्होंने बताया कि वे अपने अगले प्रोजेक्ट में बतौर गीतकार पुरोहितों कि ढाणी के रहने वाले बिहारी लाल को साइन अप कर रहे है। एक छोटे से गांव से निकलकर मुंबई मायानगरी में अपनी कलम के दम पर जगह बनाना वाकई गौरवपूर्ण कार्य है।

**NAME CHANGE**

I Sangeeta spouse of Rajesh Kumar resident of Vill - Niwai, Post - Niwai Tehsil - Nawalgarh Dist- Jhunjhunu, State Rajasthan, PIN-333305 have changed my name from Sangeeta to Sangeeta Kumari vide affidavit dated 8 Nov 2024 before Notary Public Sikar


MARUTI SUZUKI
NEXA
BUILT FOR THE THRILL
RUN ON S-CNG RUN ON WHAT YOU LOVE
BALENO
GRAND VITARA
XL6
FRONX
GREATER SAFETY
• Dual Solenoid System
• Leak-proof & Corrosion-resistant Design
UNMATCHED FUEL EFFICIENCY
30.6* km/kg Baleno CNG (MT)
26.6* km/kg Grand Vitara CNG (ZETA)
26.3* km/kg XL6 CNG (ZETA)
28.5* km/kg Fronx CNG (MT)
BETTER PERFORMANCE
• Dual VVT (Variable Valve Timing) Technology
• High Compression Ratio CNG Engine
ENHANCED COMFORT
• Modified Rear Suspension Design
VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 57 100*
Scan to chat on WhatsApp
BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD (AURIC MOTORS PH: 7230081665), JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL (AURIC MOTORS PH: 7412087314).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
*Terms & conditions apply. Creative visualisation. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refers to owner's manual.
Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point without any advance notice. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR 1989. All offers are applicable till 30th November'24 or till stocks last.